सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 277, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## कंपनियों की पूंजी 1.94 लाख करोड़ बढ़ी

संसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,94,148.73 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 10

## मोदी 15 को बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 15 अक्टूबर को मेरा बूथ, सबसे मजबूत पहल के तहत से सीधे संवाद करेंगे। } 12

# मेक्सिको में बाढ़ और भूस्खलन में 41 की मौत



एजेंसी

पोजा रिका (मेक्सिको)। मेक्सिको में लगातार बारिश से आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण 41 लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। वेराक्रूज राज्य में छह से नौ अक्टूबर तक लगभग 540 मिलीमीटर (21 इंच से अधिक) बारिश हुई। मेक्सिको सिटी से 170 मील (275 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में स्थित तेल नगरी पोजा रिका में बाढ़ से पहले कोई खास चेतावनी जारी नहीं की गई थी। मेक्सिको के राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा समन्वय ने बताया कि मेक्सिको सिटी के उत्तर में स्थित हिडाल्गो राज्य में शनिवार तक भारी बारिश से 16 लोगों की मौत हो गई और 150 समुदायों को बिजली आपूर्ति बाधित होने ...शेष पृष्ठ 10 पर


# बिहार चुनावः भाजपा-जदयू 101-101 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

## लोजपा (रामविलास) 29 सीट, रालोमो 06 सीट, हम की 06 सीट, एनडीए ने अच्छे माहौल में सहयोगी दलों के साथ सीटों पर समझौता फाइनल कर लिया: धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा-जदयू ने सहयोगी दलों के साथ सीटों पर डील फाइनल कर दिया है। बिहार के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया है कि एनडीए ने अच्छे माहौल में सहयोगी दलों के साथ सीटों पर समझौता फाइनल कर लिया है। उन्होंने बताया कि भाजपा-जदयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। लोजपा इस मामले में सबसे बड़ी विजेता कही जा सकती है जिसने समझौतों में 29 सीटें हासिल किया है, जबकि जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को 6-6 सीटें मिली हैं।




एनडीए सूत्रों का कहना है कि सीटों के मामले में चिराग पासवान 30-35 सीटों की दावेदारी कर रहे थे। इसी तरह जीतन राम मांझी अपने लिए 15 सीटों की दावेदारी कर रहे थे तो उपेंद्र कुशवाहा 15 सीटों से कम सीटें लेने के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दखल के बाद चिराग पासवान 29 सीटों पर लड़ने के लिए तैयार हुए। सूत्रों का दावा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिराग पासवान को उनके लिए 'कुछ बड़ा' करने का भरोसा दिया है जिसके बाद सीटों का पेंच सुलझ गया। चुनाव के बाद बिहार में चिराग पासवान की भूमिका बढ़ सकती है। वहीं, जीतन राम मांझी को पिछली बार से भी एक सीट कम मिली है, लेकिन वे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए गठबंधन के साथ बने रहेंगे। इसके पहले उन्होंने कम सीटें मिलने पर अकेले चुनाव लड़ने की बात कहकर सनसनी पैदा कर दी थी। भाजपा चुनाव समिति की बैठक रविवार देर रात पार्टी के दिल्ली स्थित मुख्यालय पर चल रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से पहले फेज की सीटों के साथ-साथ अन्य सीटों पर भी पार्टी के प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा की जाएगी। संभावना है कि सोमवार को भाजपा की पहली सूची जारी हो सकती है जिसमें पहली फेज के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जा सकती है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार के विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की घोषणा कर दी है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और जनता दल (यूनाइटेड) यानी जदयू दोनों 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें मिली हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छह सीटें दी गई हैं। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को भी छह सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिला है। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने एक्स पर लिखा, संगठित व समर्पित एनडीए...आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए परिवार के सभी सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति से सीटों का ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जिले के देल्हूपुर थाना क्षेत्र में रविवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनमें से एक के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्तियों के कब्जे से एक देसी पिस्तौल, कारतूस और एक लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया है। रानीगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय प्रभाकर साहनी ने रविवार को बताया कि देल्हूपुर थाना प्रभारी राधे बाबू पुलिस बल के साथ शनिवार रात क्षेत्र के नौवापुर गाँव के पास जांच कर रहे थे, तभी रोके जाने पर बदमाशों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी गोलीबारी में देल्हूपुर निवासी कुख्यात अपराधी आयुष यादव (24) के पैर में गोली लग गई। बाद में उसे और उसके साथी तौकलपुर (तिवारीपुर) निवासी उपहार मणि उर्फ मोह को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया और पुलिस घटना के संबंध में जरूरी कार्रवाई कर रही है।

### बिहार में चुनाव लड़ेंगी पवन सिंह की पत्नी

बलिया। भोजपुरी कलाकार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है लेकिन अभी यह तय नहीं है कि वह किसी राजनीतिक दल से चुनावी मैदान में उतरेंगी या निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगी। ज्योति सिंह के पिता रामबाबू सिंह ने रविवार को यह घोषणा की। पवन सिंह के ससुर रामबाबू सिंह ने यहां अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में घोषणा की कि ज्योति सिंह बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगी। ज्योति सिंह का बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ना तय है। वह किस सीट से लड़ेंगी, यह अभी तय नहीं हुआ है। वह किसी राजनीतिक दल से मैदान में उतरेंगी या निर्दलीय चुनाव लड़ेंगी, अभी यह भी निश्चित नहीं है।

# गोमती सांस्कृतिक चेतना और जीवनधारा : सीएम

## अविरल-निर्मल गोमती के लिए मुख्यमंत्री ने की 'गोमती पुनर्जीवन मिशन की घोषणा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ, अविरल और निर्मल गोमती के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीलीभीत से गाजीपुर तक प्रवाहित गोमती केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक विरासत और जीवनधारा की प्रतीक है। गोमती का पुनर्जीवन केवल जल शुद्धिकरण का नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण के पुनर्संवर्धन का व्यापक अभियान है। यह मिशन पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी साझा प्रतिज्ञा का प्रतीक बनेगा। टेरिटोरियल आर्मी की पहल पर आयोजित इस बैठक में बैठक में मेजर जनरल सलिल सेठ, ब्रिगेडियर नवतेज सिंह सोहल, ब्रिगेडियर सी. माधवाल, कर्नल अरविन्द एस. प्रसाद, ले. कर्नल सचिन राणा, ले.कर्नल सौरभ मेहरोत्रा, मेजर



के.एस. नेगी, प्रो. (डॉ.) वेंकटेश दत्ता, ले. कर्नल हेम लोहुमी, एस.एम. (सेवानिवृत्त) के साथ-साथ शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में मुख्यमंत्री ने मिशन की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक परियोजना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से चलने वाली एक जन-आंदोलनात्मक पहल होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोमती में एक भी बूंद सीवरेज न गिरे, इसके लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि नदी किनारे बसे अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर निकलेगी पदयात्रा

लखनऊ। भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश भर में 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। सरकार और भारतीय जनता पार्टी मिलकर इसे भव्य-दिव्य बनाएगी। वहीं 31 अक्टूबर से 26 नवंबर के बीच सरदार @150 यूनिटी मार्च आयोजित किया जाएगा। इसका हिस्सा प्रदेश के हर जनपद के खिलाड़ी, कलाकार समेत पांच-पांच युवा बनेंगे। ये सभी युवा लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म भूमि से लेकर केवड़िया गुजरात तक की 150 किलोमीटर की यात्रा से जुड़ेंगे। इन सभी को चार प्रमुख केंद्र होते हुए सरदार साहब की पावन जन्मभूमि तक बस द्वारा पहुंचाया जाएगा। इसके बाद यहां से सभी 150 किलोमीटर की पद यात्रा में शामिल होंगे। इस राष्ट्रीय पद यात्रा में सरदार साहब की जन्मभूमि करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया तक की यात्रा गुजरात में आयोजित होगी। यह राष्ट्रीय पद यात्रा होगी, जिसमें हजारों युवा अभियान का हिस्सा बनेंगे। सभी युवा जन जागरण अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे। यह जानकारी रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेसवार्ता में पत्रकारों को दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश की हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिवसीय 8 से 10 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी, जो सभी विधानसभा से होकर गुजरेगी। पद यात्रा से पहले स्थानीय स्तर पर आम जनमानस में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। इसमें भारत की एकता और अखंडता में सरदार साहब के योगदान पर निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक आदि होंगे। इसके अलावा युवाओं के लिए नशा मुक्त भारत शपथ ग्रहण कार्यक्रम, विभिन्न क्षेत्रों में वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल अभियान का आयोजन होगा। योग और स्वास्थ्य से संबंधित शिविर भी लगेगा।

# अयोध्या में बनेगा देश का पहला रामायण आधारित मोम संग्रहालय



जिला संवाददाता

अयोध्या। रामायण आधारित देश का पहला मोम संग्रहालय (वैक्स म्यूजियम) रामनगरी में तैयार हो गया है। दीपोत्सव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से म्यूजियम का लोकार्पण कराने की तैयारी है। सीएम के कार्यक्रम के दृष्टिगत प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण करना है। दीपोत्सव का मुख्य कार्यक्रम 19 अक्टूबर को है। म्यूजियम पर नगर निगम का स्वामित्व होगा।

केरल की सुनील वैक्स म्यूजियम कंपनी ने इसे तैयार किया है। सुनील कुमार उसके प्रमुख हैं। कंपनी का पहला वैक्स म्यूजियम त्रिवेंद्रम-केरल में व दूसरा मुंबई में है। दोनों सेलिब्रिटी आधारित हैं। सुनील के अनुसार अयोध्या में देश का ऐसा पहला वैक्स म्यूजियम है जो रामायण पर आधारित है। भगवान श्रीराम के बाल्यकाल से लेकर लंका में रावण युद्ध तक की याद दिलाने वाली मोम की आकृतियां संग्रहालय में होंगी। रावण की भी दो मूर्तियां होंगी। एक साधना निष्ठ तो दूसरी भगवान राम से युद्ध की। भगवान राम के परिवार, पिता दशरथ व रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि, हनुमान व सुषेण वैद्य आदि की मूर्तियों को मिला कर यह संख्या लगभग 50 तक पहुंच जाएंगी। ये मूर्तियां मुंबई से आ चुकी हैं। संग्रहालय में उन्हें स्थापित किया जा रहा ह। नगर निगम इसका संचालन मूर्तयों का निर्माण करने वाली कंपनी से कराएगा। संग्रहालय... शेष पृष्ठ 10 पर

# ज्ञान और नवाचार का माध्यम है कृषि मेला

## कृषि नवाचार का संगम बना पंतनगर विश्वविद्यालय : मुख्यमंत्री

प्रमुख संवाददाता

पंतनगर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसान मेले और कृषि उद्योग प्रदर्शनी जैसे आयोजन केवल कृषि उत्पादों के प्रदर्शन भर नहीं हैं, बल्कि यह किसानों, वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के बीच ज्ञान, अनुभव और नवाचार के सेतु के रूप में कार्य करते हैं।

सीएम धामी गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में आयोजित 118वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उन्नत दलहनी फसलों की नई प्रजातियों का लोकार्पण किया तथा



पंतनगर प्रवाह नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस वर्ष आयोजित किसान मेले में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए 200 से अधिक कृषि उद्यमियों, स्टार्टअप्स और औद्योगिक इकाइयों ने भाग लिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे मेले किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, आधुनिक कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक शोधों की जानकारी उपलब्ध कराते हैं, जिससे वे अपनी खेती को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक खेती के ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अफगानिस्तान ने 58 पाक सैनिकों को मार गिराया

## पाकिस्तान ने सीमा पर 19 अफगान सुरक्षा चौकियों पर कब्जा किया

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने सीमावर्ती क्षेत्रों में हमलों को अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों द्वारा किया गया अकारण हमला बताते हुए इसके जवाब में 19 अफगान सीमा चौकियों और आतंकवादी ठिकानों पर कब्जा कर लिया। वहीं, अफगानिस्तान का दावा है कि उसके जवाबी कार्वाई के दौरान 58 पाकिस्तानी सैनिकों मारे गये और 30 घायल हो गए।

सुरक्षा सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। तालिबान सरकार के रक्षा मंत्रालय ने रविवार तड़के हमलों की पुष्टि की और कहा कि उसके सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। मंत्रालय ने कहा कि अगर विरोधी पक्ष फिर से अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करता है तो हमारे सशस्त्र बल देश की सीमाओं की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उसका माकूल जवाब देंगे। अफगान बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में अंगूर अड्डा, बाजौर, कुर्म, दीर और चित्राल एवं बलूचिस्तान में बारामचा स्थित



पाकिस्तानी चौकियों को निशाना बनाया। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि शनिवार रात को एक अभियान के दौरान अफगान बलों की कार्रवाई में 58 पाकिस्तानी सैनिक मार गिराए और कम से कम 30 घायल हुए हैं। मुजाहिद ने कहा कि डूरंड रेखा के पार जवाबी कार्रवाई के दौरान 20 पाकिस्तानी सुरक्षा चौकियां नष्ट कर दी गईं और बड़ी संख्या में हथियार और सैन्य उपकरण जब्त कर लिये गए। उन्होंने बताया कि इस कार्वाई में नौ अफगान सैनिक मारे गए और 16 घायल हो गए। प्रवक्ता ने बताया कि कतर और सऊदी अरब के अनुरोध पर मध्यरात्रि को ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- उत्तर प्रदेश बना भारत का उभरता आईटी हब : सीएम (पृष्ठ-02)
- पीएम ने लखनऊ की महिला से समझी खेती की बारीकी (पृष्ठ-02)
- ओएनजीसी के पास अपने मूल्यांकन से एक-तिहाई संपत्ति (पृष्ठ-10)
- पर्यटन क्षेत्र के सालाना 25 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान (पृष्ठ-10)
- महंगाई के आंकड़े से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

## मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना संजय प्रसाद ने विजेता-उपविजेताओं को किया पुरस्कृत

# थर्ड लखनऊ नाइट गोल्फ लीग चैम्पियनशिप में बीबीडी रेंजर्स का रहा दबदबा

खेल संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ गोल्फ क्लब में आयोजित की गयी थर्ड नाइट गोल्फ चैपियनशिप में बीबीडी रेंजर्स का दबदबा रहा। पूरे टूर्नामेंट में बीबीडी रेंजर्स हावी रही। बेहतर खेल के चलते बीबीडी रेंजर्स सेकेंड रनर अप रहा। रविवार को खेले गये फाइनल मैच में पार सीकर्स ने फयर वे टाइगर्स को हराकर टूर्नामेंट का खिताब जीता। विजेताओं को प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना संजय प्रसाद ने विजेताओं और

**पार सीकर्स बनी चैम्पियन, बीबीडी रेंजर्स रही सेकेंड रनर-अप**

उप विजेताओं को ट्राफी एवं पुरस्कार वितरित किये।

रविवार को लखनऊ गोल्फ क्लब में आयोजित थर्ड नाइट गोल्फ चैंपियनशिप में जीत हासिल की, जिसे प्राइम स्टार द्वारा संचालित और एचडीएफसी बैंक द्वारा समर्थित किया गया था। मैच के सेकेंड रनरअप बीबीडी रेंजर्स का रहा दबदबा, बीबीडी रेंजर्स ने जो रॉयल्स को 15-10 से हराया। फाइनल मैच में पार सीकर्स ने फेयरवे टाइगर्स को हराया, जिसमें पी के अग्रवाल ने राकेश सेठ को 3-2 से हराया, अमन टंडन ने मिकी नंदा को 2-1 से हराया, और देवेंद्र सिंह और डॉ आशीष अग्रवाल




सेकेंड रनर-अप बीबीडी रेंजर्स की टीम




चैम्पियन पार सीकर्स की टीम फोटोः समीर भटनागर

ने ऋषि खन्ना और अनूप कुमार को 2-1 से हराया। वहीं तीसरे स्थान के मैच में बीबीडी रेंजर्स ने जो रॉयल्स को 15-10 से हराया, जिसमें आर एस नंदा ने नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव को 3-1 से हराया, नवीन चरण ने आधार जैन को 1 अप से हराया, और संदीप अग्रवाल और कैप्टन अजय चौहान ने अक्षय सिंह और मयंक पंत को 2-1 से हराया। डार्क हॉर्स पार सीकर्स ने थर्ड नाइट गोल्फ चैंपियनशिप 2025 में अपनी जीत दर्ज की।

# उत्तर प्रदेश बना भारत का उभरता आईटी हब : सीएम योगी

## योगी सरकार ने लिखा डिजिटल विकास का नया अध्याय, लखनऊ से लेकर वाराणसी तक फैला आईटी नेटवर्क, युवाओं के सपनों को दे रहा है पंख

विशेष संवाददाता (vol)

● आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग उत्तर प्रदेश को आईटी हब बनाने की दिशा में कर रहा ठोस प्रयास



**लखनऊ।** कुछ साल पहले तक उत्तर प्रदेश का नाम सुनते ही लोग कृषि और पारंपरिक उद्योगों की बात करते थे। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदृष्टि और सशक्त नीतियों ने अब यह धारणा बदल दी। आज लखनऊ, कानपुर और नोएडा जैसे शहरों में आईटी पार्क्स की जगमगाहट नई कहानी कह रही है। यूपी अब सिर्फ भारत का हृदय नहीं, बल्कि डिजिटल भारत का मस्तिष्क भी बनने की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि सूचना प्रौद्योगिकी केवल तकनीक नहीं, यह परिवर्तन की शक्ति है। सीएम योगी के इसी सूत्रवाक्य को आगे बढ़ते हुए प्रदेश के आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने हर युवा को अवसर देने और उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे बड़ा आईटी हब बनाने की दिशा में ठोस प्रयास प्रारंभ किए हैं। 2015 में जहां प्रदेश का आईटी निर्यात केवल 15,000 करोड़ था, वहीं आज यह आंकड़ा 75,000 करोड़ से अधिक पहुंच चुका है। यह केवल एक आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि उन हजारों युवाओं की मेहनत और योगी सरकार के तकनीकी विजन की सफलता का प्रतीक है। योगी सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी नीति 2017-2022 ने निवेशकों के लिए दरवाजे खोले हैं।

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया, पेटीएम, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मैक इंडिया जैसी दिग्गज कंपनियों ने प्रदेश में निवेश कर भरोसे की नई मिसाल कायम की। परिणामस्वरूप ?5,584 करोड़ का निवेश और 53,000 रोजगार अवसर सृजित हुए। नई आईटी एवं आईटी जनित सेवा नीति-2022 के तहत दो नई परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया गया है, जिनसे 900 युवाओं को रोजगार मिलेगा।

वहीं 48 करोड़ से अधिक निवेश वाली तीन परियोजनाएं मंजूरी के इंतजार में हैं। सरकार ने आईटी और आईटीईएस क्षेत्र को ह्लउद्योग का दर्जाह्व देकर इतिहास रच दिया। अब आईटी कंपनियों को औद्योगिक श्रेणी की भूमि औद्योगिक दरों पर मिल रही है। इस फैसले से निवेशक आत्मविश्वास के साथ उत्तर प्रदेश को अपना ठिकाना बना रहे हैं। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के सहयोग से नोएडा, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज और आगरा में आईटी पार्क्स और एसटीपीआई केंद्र संचालित हो रहे हैं। अब यही रौशनी वाराणसी, बरेली और गोरखपुर की ओर बढ़ रही है, जहां नए केंद्र बन रहे हैं। इससे न केवल रोजगार बढ़ेगा, बल्कि छोटे शहर भी डिजिटल अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में शामिल होंगे।

कानपुर की दीप्ति हो या गोरखपुर के आर्यन – इन युवाओं ने कभी सोचा भी नहीं था कि अपने ही शहर में बड़ी आईटी कंपनियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। योगी सरकार की नीति ने उनकी यह इच्छा पूरी की है। आज ये युवा अपनी प्रतिभा से न सिर्फ अपनी पहचान बना रहे हैं, बल्कि प्रदेश को नई पहचान भी दे रहे हैं। प्रदेश सरकार ने आईटी और आईटीईएस परियोजनाओं के लिए एक डेडीकेटेड ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है, जिससे आवेदन, स्वीकृति और प्रोत्साहन की प्रक्रिया अब पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी हो गई है।

# सीएम डैशबोर्ड से विकास की दिशा में आयी तेजी

● हर वर्ग का हो रहा उत्थान, गुणवत्तापूर्ण हो रहे विकास कार्य

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले साढ़े आठ वर्षों से समग्र विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान प्रदेश में न केवल बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, बल्कि समाज के हर वर्ग का उत्थान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। सीएम योगी के सपनों को साकार करने में सीएम डैशबोर्ड अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

सीएम डैशबोर्ड से जनसुनवाई, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे जिलों को बेहतर प्रशासनिक मानक स्थापित करने में मदद मिल रही है। इसी कड़ी में सीएम डैशबोर्ड की सितंबर माह की रिपोर्ट में प्रदेशभर में हमीरपुर ने बेहरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि औरैया ने दूसरा और श्रावस्ती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

सीएम डैशबोर्ड द्वारा हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था पर रिपोर्ट जारी की जाती है। डैशबोर्ड द्वारा प्रदेशभर के जिलों में 49 विभागों के 110 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा की जाती है। इसके बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है।

सीएम डैशबोर्ड की सितंबर माह की रिपोर्ट के अनुसार हमीरपुर ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं औरैया जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है जबकि श्रावस्ती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी श्रावस्ती अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों, और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप श्रावस्ती में विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। यही वजह है कि श्रावस्ती पिछले कई माह से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रिपोर्ट में टॉप फाइव जिलों में अपने जगह बनाए हुए है। श्रावस्ती ने विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में 10 में से 9.28 अंक प्राप्त किए हैं, जिसका रेश्यो 92.80 प्रतिशत है।

वहीं, राजस्व कार्यों की श्रेणी में जनपद ने 9.26 अंक (92.60 प्रतिशत) हासिल किये हैं। डैशबोर्ड के अनुसार श्रावस्ती ने 49 विभागों के अंतर्गत 110 कार्यक्रमों की समीक्षा में 96 कार्यक्रमों में ह्यएह्ल श्रेणी प्राप्त की है, जबकि 52 कार्यक्रमों में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी तरह मैनपुरी चौथे और हरदोई पांचवे पायदान पर है। वहीं टॉप टेन जिलों में अंबेडकरनगर, कुशीनगर, महराजगंज, कनौज और शाहजहांपुर ने जगह बनायी है।

# रेलवे पैंशनर्स को दी गयी साइबर क्राइम की जानकारी

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे पैंशनर्स एसोसिएशन लखनऊ मंडल की मासिक बैठक मंडल कार्यालय में आयोजित की गयी। जिसमें बड़ी संख्या में पेंशन साथियों के भाग लिया बैठक में पेंशनरों को भारत सरकार द्वारा जारी किए गए निदेशों के संबंध में बताया गया साथ ही सदस्यों को उनके स्वास्थ्य के संबंध में आज के परिप्रेक्ष्य में दैनिक- जीवन में योग के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई बैठक में मंडल मंत्री सुनील श्रीवास्तव ने बैठक में आए हुए सदस्यों को दैनिक कार्यों में उपयोग किये जाने वाले डिजिटल प्रणाली जैसे सुविधा पास, मेडिकल उम्मीद कार्ड की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया। साथ ही आजकल हो रहे साइबर क्राइम से बचाव के संबंध मे विस्तृत जानकारी देकर सदस्यों को जागरूक किया । संगठन द्वारा पेंशनरों के हितों के लिए संगठन द्वारा किए गये कार्यों के बारे में और इस दिशा में उठाए जा रहे कदम के बारे में पेंशनरों को अवगत कराया। बैठक के दौरान अक्टूबर माह में जन्मे पेंशनर्स साथियों का जन्म दिन हर्षोल्लास एवं धूम-धाम के साथ मनाया गया।

# योगी घुसपैठिये हैं, वापस जायें उत्तराखंड : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना घुसपैठिए से करते हुए कहा कि वह उत्तराखंड से हैं और उन्हें राज्य वापस भेज दिया जाना चाहिए।

यादव ने समाजवाद के प्रणेता राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को लखनऊके लोहिया पार्क में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा के पास झूठे आंकड़े हैं। उन्होंने कहा, अगर उनके आंकड़ों पर भरोसा किया जाए, तो आदमी भटक जाएगा। यादव ने दावा किया, जो लोग पलायन के आंकड़े दे रहे हैं... हमारे उत्तर प्रदेश में भी घुसपैठिए हैं। मुख्यमंत्री उत्तराखंड से हैं। हम चाहते हैं कि उन्हें उत्तराखंड भेजा जाए। वह अकेले घुसपैठिए नहीं हैं, बल्कि विचारधारा के लिहाज से भी घुसपैठिए हैं। वह (आदित्यनाथ) भाजपा के सदस्य नहीं थे, बल्कि किसी और पार्टी के सदस्य थे। तो, इन घुसपैठियों को कब हटाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में यह दावा किया था कि कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को वोट बैंक की तरह मानते हैं। उन्होंने सवाल उठाया था कि गुजरात और राजस्थान की सीमाओं पर घुसपैठ क्यों नहीं होती। इस लिहाज से यादव की टिप्पणी महत्वपूर्ण है। शाह ने यह टिप्पणी शुक्रवार को दैनिक जागरण के पूर्व प्रधान संपादक नरेंद्र मोहन की स्मृति में घुसपैठ, जनसांख्यिकीय परिवर्तन और लोकतंत्र विषय पर एक व्याख्यान देते हुए की। इस बीच, अखिलेश यादव की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि वह जल्द ही इस मुद्दे पर बयान देंगे।

राम मनोहर लोहिया को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि राम मनोहर लोहिया जीवन भर अन्याय और गैरजिम्मेदारी के खिलाफ लड़ते रहे। यादव ने कहा, आज हम उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को जनता तक पहुंचाने, उन्हें जागरूक करने और उनके बताए रास्ते पर चलकर सभी के लिए आर्थिक और सामाजिक सम्मान सुनिश्चित करने का संकल्प लेते हैं। जाति एक चिंता का विषय है। डॉ. लोहिया ने भी कहा था कि जाति को तोड़ना चाहिए और जाति को समाप्त करना चाहिए। बाबा साहेब (आंबेडकर) ने जाति के संबंध में कानून भी बनाया, लेकिन आज भी हमें जाति के आधार पर भेदभाव का सामना करना पड़ता है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने लोहिया पार्क पहुंचे थे।

रायबरेली में एक दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले पर यादव ने कहा, अगर हम राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों पर गौर करें तो साफ पता चलता है कि दलितों पर सबसे ज्यादा अत्याचार इसी सरकार में हुए हैं।

# महिलाएं घर की नींव और राष्ट्र की धुरी है : धर्मपाल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही संगठन सशक्त होगा और देश आत्मनिर्भर बनेगा। मातृशक्ति की राष्ट्र नवनिर्माण में भागीदारी से ही अन्त्योदय की अवधारणा मूर्त रूप लेगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर की नींव भी हैं और राष्ट्र की धुरी भी हैं। धर्मपाल सिंह प्रयागराज में काशी क्षेत्र की महिला मोर्चा पदाधिकारियों तथा महिला जनप्रतिनिधियों की बैठक में संवाद कर रहे थे।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को समुचित नेतृत्व मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। संगठन में भी महिलाओं की भागीदारी और जिम्मेदारी बढे, इसके लिए बड़ी संख्या में महिला नेतृत्व विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ने से देश की आधी आबादी तक मोदी सरकार एवं योगी सरकार की योजनाएं तथा संगठन की विचारधारा, कार्यक्रम व अभियान पहुंचाने का माध्यम महिलाएं स्वयं बनेगी। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, शौचालय, हर घर नल से जल, मुद्रा योजना, जनधन जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सुगम, सुरक्षित तथा आत्मनिर्भर बनाया है। महिलाओं के बीच महिलाओं की बात महिलाओं से करने की संवाद शैली संगठन को सशक्त करेगी और समाज व राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाएगी। धर्मपाल सिंह ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प जन आन्दोलन बनेगा और भारत स्वदेशी के मंत्र से स्वाबलम्बी, स्वाभिमानी व आत्मनिर्भर होकर विश्व नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ेगा।

मातृशक्ति को अपने सामर्थ्य से राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। धर्मपाल सिंह ने कहा कि संगठन स्तर पर महिलाओं की भूमिका को और व्यापक तथा प्रभावी बनाना आवश्यक है।

# भाजपा से सीटें नहीं मिलीं तो अकेले लड़ेंगे बिहार विधानसभा चुनाव : सुभासपा



**बलिया।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में शामिल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने रविवार को कहा कि यदि भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीट नहीं दीं तो वह अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरफ से सुभासपा को पांच सीटों पर चुनाव लड़ने की पेशकश की गई है। राजभर ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी बिहार में विधानसभा चुनाव निश्चित रूप से लड़ेगी। भाजपा से बात नहीं बनी तो अकेले चुनाव मैदान में उतरेंगे। राजभर ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने रविवार को उन्हें फोन करके उनसे दल के बिहार में प्रभाव को लेकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नड्डा को जानकारी दी है कि दल का बिहार के 32 जिलों में प्रभाव है, इसलिए एक वर्ष में पार्टी ने 65 विधानसभा क्षेत्रों में रैलियां की हैं। राजभर ने बताया कि सुभासपा ने बिहार में चुनाव लड़ने के लिए भाजपा नेतृत्व को 29 सीट की सूची सौंपी है, सूची में से भाजपा जो सीट उन्हें देना चाहती है दे दे, इसमें से वह किसी भी सीट पर चुनाव लड़ने को तैयार हैं। उनकी मांग है कि उनके दल को पांच सीट दी जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर भाजपा गठबन्धन के तहत उनके दल को सीट नहीं देती है तो पार्टी अकेले बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी। राजभर ने बताया कि राजद की बिहार इकाई के प्रमुख ने शनिवार को सुभासपा के बिहार चुनाव प्रभारी से मुलाकात की और उनसे बात की। रविवार को उन्हें राजद नेतृत्व से भी फोन आया, जिसमें विधानसभा चुनाव में पांच सीटों पर साथ मिलकर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया गया।

# लखनऊमें किशोरी से सामूहिक बलात्कार की घटना अत्यंत दुखद व शर्मनाक : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने लखनऊजिले में एक नाबालिग किशोरी से सामूहिक बलात्कार को रविवार को शर्मनाक बताया। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राजधानी लखनऊ में किशोरी से सामूहिक बलात्कार की घटना अत्यंत दुखद व शर्मनाक है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों में महिलाओं के उत्पीड़न, दुष्कर्म और हत्या की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं। सरकार को इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की सख्त जरूरत है। मायावती ने कहा कि महिलाओं का सम्मान दूर की बात है, पहले उनकी सुरक्षा अत्यंत जरूरी है। पुलिस के अनुसार लखनऊमें शनिवार को 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा से पांच लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया। कृष्णा नगर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विकास कुमार पांडेय ने बताया, छात्रा और उसका परिचित एक पेट्रोल पंप के पास आम के बाग में बात करने के लिए रुके थे, तभी पांच अज्ञात लोग उनके पास आए। आरोपियों ने छात्रा के परिचित को भगा दिया और किशोरी से दुष्कर्म किया। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुलिस ने कथित बलात्कार के सिलसिले में 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि दो अन्य लोग गांव में एक चौकी से भाग निकले, जहां पुलिस दल तैनात था, जबकि उनमें से एक के पैर में गोली लगी है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रहा रुड़की

## श्री अलवर वाले बाबा के आगमन पर रहा दिव्य और अविस्मरणीय वातावरण



**रुड़की (उत्तराखंड)।** श्री श्री 1008 अलवर वाले महाराज के आगमन पर रुड़की नगर में एक दिव्य और अविस्मरणीय वातावरण रहा। रुड़की की हर मिलाप धर्मशाला आज श्री श्री 1008 अलवर वाले बाबा जी का शुभ आगमन पर भक्तिमय माहौल से सराबोर रही। आज सुबह श्री बाबा जी के नगर प्रवेश पर श्री दुर्गा चौक पर भक्तों ने पुष्प वर्षा और जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया। बाबा जी ने सबसे पहले दुर्गा चौक स्थित मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और नगर की सुख-समृद्धि की कामना की।

इसके उपरांत भक्ति संगीत, ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच बाबा जी का विशाल शोभायात्रा के रूप में स्वागत हुआ। हर मिलाप धर्मशाला पहुँचने पर रुड़की और आसपास के जनपदों से पहुँचे सैकड़ों भक्तों ने फूल-मालाओं और पुष्पवर्षा से बाबा जी का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने भी बाबा जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनका हार्दिक स्वागत किया। धर्मशाला प्रांगण में आयोजित सुंदरकांड पाठ में बाबा जी स्वयं उपस्थित रहे और श्रद्धालुओं के साथ बैठकर पाठ का श्रवण किया। पाठ के उपरांत सामूहिक आरती संपन्न हुई, जिसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सादगी और श्रद्धा के साथ भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

● दुर्गा चौक से हर मिलाप धर्मशाला तक गूंजे जयकारे

इस अवसर पर चौधरी गजे सिंह, वी.के. जिंदल एडवोकेट, चौधरी ओमपाल सिंह, अजय गुप्ता, आलोक खन्ना, सुखपाल शर्मा, गोविंद विकास अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, रामगोपाल कंसल, अर्पित गोयल, अनुज जिंदल, राहुल अग्रवाल, संजय कुमार, शिवम कश्यप, विकास गुप्ता, अनूप बंसल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। उक्त जानकारी सुप्रसिद्ध समाजसेवी रामगोपाल कंसल द्वारा मीडिया को प्रदान की गई।

# भाजपा सरकार ही आमजन के सपने को पूरा कर सकती है : धनंजय सिंह राणा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय महासचिव तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता धनंजय सिंह राणा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है देश का किसान व्यापारी नौजवान महिलाएं और युवा वर्ग का उत्थान हो रहा है। उन्होंने कहा देश की जनता का विश्वास भाजपा पर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जनता का यह मत है कि भाजपा सरकार ही उनके सपने को पूरा कर सकती है।

श्री राणा ने कहा किसानों को उनकी उपज का दुगना दाम, गरीबों को मुफ्त में अनाज, आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का इलाज की सुविधा एकदम मुफ्त, और जटिल से जटिल बीमारियों की दवाइयां के दाम रेट में दिया जा रहा है। खेती-बाड़ी के अलावा किसानों को मछली पालन, मुर्गी पालन, डेरी उद्योग और तकनीकी विधि द्वारा खेती के प्रयोग में की जाने वाले औजारों में अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा की प्रदेश में पहले जहां अपराधियों का बोलबाला था वही आज अपराधी अपनी जान की भीख मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को अपराध मुक्त कर दिया है। आज महिलाएं सुरक्षित हैं व्यापारी सुरक्षित है किसी भी माफिया की हिम्मत नहीं है कि वह महिलाएं और व्यापारियों की तरफ आंख उठाकर देख सके। उन्होंने कहा की मुद्रा लोन के तहत युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहे हैं। आज युवा अपना तो काम करते ही हैं साथ में कई युवाओं को रोजगार देने का काम कर रहे हैं। श्री राणा ने कहा की प्रदेश में अभी कुछ अधिकारी और कर्मचारी पहले की सरकार की मानसिकता से ग्रसित होकर कार्य कर रहे हैं इनका एक ही मकसद है कि योगी सरकार को बदनाम किया जाए। उन्होंने कहा की प्रदेश में ऐसे अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम ने लखनऊ की महिला से समझी खेती की बारीकी

## एआईएफ योजना के अंतर्गत मिली सफलता से प्रभावित होकर दिल्ली बुलाकर की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से राजधानी लखनऊ की एक महिला ने ऐसा काम कर दिखाया है, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। इन्होंने एक तरह से मोरिंगा आर्मी खड़ी कर प्रदेश की महिला किसानों को न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाया बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी नई ऊर्जा भर दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ की इस महिला की सफलता की सराहना करते हुए उन्हें दिल्ली बुलाया और मुलाकात की। पीएम मोदी ने उत्सुकता से मोरिंगा की खेती की बारीकी भी समझी। लखनऊ की रहने वाली डॉक्टर कामिनी सिंह ने एफपीओ के माध्यम से एक हजार से अधिक महिला किसानों को जोड़कर एक नई शुरूआत की। उन्होंने महिलाओं को मोरिंगा यानी सहजन की खेती के लिए प्रेरित किया और फिर उसके वैल्यू एडिशन के माध्यम से बाजार तक पहुंच दिलाई। आज एफपीओ की अधिकांश सदस्य महिलाएं हैं, जो मोरिंगा की खेती के साथ-साथ प्रोसेसिंग और पैकेजिंग का काम भी करती हैं। महिलाओं की मेहनत का परिणाम है कि आज ये सभी मिलकर डेढ़ दर्जन से अधिक उत्पाद तैयार कर रही हैं। इनकी कंपनी डॉक्टर मोरिंगा में मोरिंगा पाउडर, टैबलेट, चाय, हैंडमेड साबुन, मोरिंगा सीड ऑयल, बिस्कुट और चर्चित मोरिंगा लड्डू शामिल हैं। इन उत्पादों की बिक्री न केवल ऑफलाइन मार्केट में हो रही है, बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी इनकी भारी मांग है। पूरा प्रोजेक्ट एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के अंतर्गत चल रहा है। इसके तहत एफपीओ ने प्राइमरी प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की है, जहां मोरिंगा की पत्तियों, बीजों और छाल से उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन हुआ है और ग्रामीण महिलाओं की आमदनी में कई गुना वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह टीम उसी सोच का सशक्त उदाहरण बन गई है। अब ये महिलाएं न सिर्फ अपनी आजीविका चला रही हैं बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं।

● मोरिंगा के जरिए डेढ़ दर्जन उत्पाद बनाकर आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं

# उत्तर प्रदेश बना वित्तीय अनुशासन का मॉडल राज्य

## सीएजी रिपोर्ट में खुलासा, पूंजीगत व्यय और निवेश में यूपी शीर्ष पर

विशेष संवाददाता (vol)

● राजस्व बचत की स्थिति बरकरार

● यूपी को बनाया देश का फाइनेंशियल रोल मॉडल स्टेट

**लखनऊ।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक में प्रकाशित राज्य के वित्त लेखे 2022-2023 के अनुसार, उत्तर प्रदेश वित्तीय अनुशासन और निवेश के मामले में देश के सभी 28 राज्यों में अग्रणी रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 1,03,237 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय किया जो देश में सबसे अधिक है। यह राशि राज्य की शुद्ध लोक ऋण प्राप्तियों का 210.68% है, जो यह दशार्ता है कि सरकार ने लिया गया ऋण केवल विकास और पूंजी निर्माण के कार्यों पर खर्च किया है। यह एक आदर्श वित्तीय स्थिति मानी जाती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने न केवल राजस्व व्यय पर नियंत्रण रखा, बल्कि निवेश और पूंजीगत खर्च में नया इतिहास रचा है। वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और विकास उन्मुख व्यय ने यूपी को देश का ह्लफाइनेंशियल रोल मॉडल स्टेटह्व बना दिया है। सीएजी रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश की राजस्व प्राप्तियां उसके राजस्व व्यय से अधिक रही हैं, अर्थात राज्य राजस्व बचत की स्थिति में है।

राज्य का स्वयं का राजस्व (कर एवं करेतर) राजस्व प्राप्तियों का 45% रहा, जबकि हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों में यह 70-80% के बीच रहा। प्रदेश ने कुल व्यय का 9.39% निवेश पर खर्च किया, जो महाराष्ट्र (3.81%), गुजरात (3.64%) और बिहार (1.65%) से कहीं अधिक है। इसके साथ ही, 2013-14 से 2022-23 में केंद्रीय करों में सर्वाधिक राशि उत्तर प्रदेश को ही प्राप्त हुई है। उत्तर प्रदेश ने प्रतिबद्ध व्यय (वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान) पर कुल राजस्व व्यय का 42.57% खर्च किया, जो हरियाणा (55.27%) और तमिलनाडु (50.97%) से कम है। प्रदेश ने अपने कुल व्यय का 12.43% वेतन पर खर्च किया, जबकि 16 राज्यों ने 20% से अधिक खर्च किया। वहीं, पेंशन पर व्यय कुल व्यय का 12.15% रहा, जो कई राज्यों (जैसे हिमाचल प्रदेश 15%+) से कम है। इसी तरह, ब्याज भुगतान कुल व्यय का 8.90% रहा, जबकि 10 राज्यों ने इस मद में 10% से अधिक खर्च किया। सब्सिडी पर व्यय मात्र 4.40% रहा, जबकि पंजाब ने अपने व्यय का 17% सब्सिडी पर व्यय किया।

**वृहद निर्माण और सहायता अनुदान में संतुलित व्यय :** राज्य ने वृहद निर्माण कार्यों पर कुल व्यय का 11.89% खर्च किया, जो इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। सहायता अनुदान (सामान्य एवं वेतन) पर 22.85% व्यय किया, जो अन्य बड़े राज्यों जैसे महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से कम है।

इसी तरह, सहायता अनुदान (पूंजी सृजन) पर 2.27% व्यय किया, जबकि असम, झारखंड और त्रिपुरा में यह 5% से अधिक रहा। वित्तीय वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश ने एफ.आर.बी.एम. एक्ट के सभी मानकों का पालन किया। राज्य की कुल देयता जीएसडीपी का 29.32% रही, जबकि कुल प्रत्याभूतियां मात्र 7.56% रहीं। यह सरकार के वित्तीय अनुशासन और स्थिरता का प्रमाण है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# सड़क दुघर्टना में युवक की मौत, परिजनों का प्रदर्शन

## मुआवजे की मांग को लेकर पोस्टमार्टम के बाद सड़क की जाम, एसीपी रजनीश वर्मा के समझाने पर माने परिजन




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**नगराम**। नगराम निगोहां मार्ग पर शनिवार देर रात समेसी पावर हाउस के पास कार व बाइक की भिडंत मे गंभीर रूप से घायल बाइक सवार 38 वर्षीय अतुल शुक्ला की अस्पताल मे इलाज के दौरान रविवार भोर मौत हो गई। मृतक मोहनलालगंज के गौरा स्थित सूर्या इंस्टिट्यूट मे गार्ड था।

पोस्टमार्टम के बाद रविवार दोपहर शव गांव पहुंचने पर मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों द्वारा सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष ग्रामीणों के साथ नगराम निगोहां मार्ग पर समेसी बाजार में शव रख कर प्रदर्शन किया जाने लगा। सूचना पर पहुंचे ए सी पी मोहनलाल गंज रजनीश वर्मा के समझाने बुझाने व मुआवजे के लिए तहसीलदार ऋतुराज शुक्ला से वार्ता कर दिए गए आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।? ए सी पी ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

समेसी निवासी अतुल शुक्ला शनिवार को ड्यूटी कर रात के समय बाइक से वापस घर लौट रहे थे कि नगराम निगोहां मार्ग पर समेसी पावर हाउस के पास पंहुचते ही सामने से आ रही तेज रफ्तार कार की जोरदार टक्कर से बाइक समेत अतुल छिटक कर दूर जा गिरा सिर मे चोट लगने से गंभीर रूप में घायल हो गया जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे परिजन उसे ले जाकर एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया था जहां हालत बिगड़ने पर ट्रामा सेंटर मे भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों द्वारा सैकड़ों ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन किया गया।

सूचना पर पहुंचे सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलाल गंज रजनीश वर्मा द्वारा तहसीलदार से वार्ता कर मुख्यमंत्री सड़क दुघर्टना बीमा के तहत अहेतुक सहायता दिलाए जाने के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए। इस अवसर पर पुलिस बल के साथ थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी थानाध्यक्ष निगोहां अनुज तिवारी क्षेत्रीय लेखपाल बी पी सिंह समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा। मृतक के परिवार में पिता सत्य देव शुक्ला मां मां उर्मिला पत्नी कामिनी शुक्ला 14 वर्षीय लड़की मानवी शुक्ला व 8 वर्षीय लड़का शुभ है।

## संदिग्ध परिस्थिति मे सड़क किनारे मिला राजगीर का शव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ**। थाना बंथरा इलाके मे एक राजगीर मिस्त्री का शव सडक किनारे पड़ा मिला। इस घटना से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई।मृतक की पहचान जतिन के रुप मे की गई।जिसके सिर पशर गंभीर छोटो के निशान थे।घटना की सुचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस घटना की जाँच पड़ताल मे लग गई।जतिन बंथरा के रहीम नगर पड़ियाना के बिललौच गढ़ी जा रहने वाला हैं।वह पिछले चार महीने से अपनी पत्नी रागनी के साथ ससुराल मे जनपद उन्नाव के अचलगंज के बलऊ खेड़ा मे रह रहा था।जतिन की शफी एक साल पहले हुई थी।पंद्रह दिन पहले ही उसकी पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिता हैं।

जतिन की माँ ने की उसकी पहचान अपने पुत्र के रूप मे की. ।वह सुबह छह बजे बंथरा स्थिति जतिन के पैतृक आवास के करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर सडक किनारे एक ब्यक्ति का शव पड़ा मिला।राहगीरों के देखते ही मौके पर कफी भीड़ एकत्र हो गई।घटना की जानकारी जतिन की माँ मंजू देवी को भी हुई और वह मौके पर गई और उसने अपने पुत्र जतिन के रूप मे उसे पहचान की।पुलिस के अनुसार उसकी मौत सडक दुर्घटना मे होना प्रतीत हो र्ष हैं।जबकि ग्रामीणों मे चर्चा हैं की जतिन की हत्या कर शव को सडक किनारे फेंक कर भाग गए हैं. ।मृतक की पत्नी रागनी ने बताया की जतिन सुबह करीब नौ बजे घर से निकला था।मंजू देवी ने जतिन की किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत होने की आशंका जाहिर की हैं. ।पुलिस ने मृतक जतिन के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।फिल हाल पुलिस मामले की पड़ताल कर रही हैं।

# अजब-गजब तरीके से फोन किया हैक

- लखनऊ शहर के प्रसिद्ध शिक्षाविद अनिल अग्रवाल के साथ हुई घटना
- किसी प्रकार नुकसान नहीं हुआ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शनिवार दोपहर लगभग 2:15 पर सेंट जोसेफ कॉलेज के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल के पास एक कॉल आई जिस पर व्यक्ति ने कहा कि मैं कोरियर कंपनी से बोल रहा हूं आपका डिस्पैच पार्सल आया है डिलीवरी बॉय को आपका पता नहीं मिल रहा है जिस पर अनिल अग्रवाल ने कहां कि मुझे फोन ना करें और पता अपने आप ढूंढ ले।

दोबारा उसके फोन करने पर उसने कहा कि मैं डिलीवरी बॉय का नंबर भेज दे रहा हूं क्योंकि वह आपको फोन कर रहा है तो आपका फोन नहीं मिल रहा है तो मैंने कहा कि जब आपका मिल सकता है तो उसका क्यों नहीं मिल रहा। फिर उसने एक नंबर टेक्स्ट मैसेज द्वारा भेजा वह नंबर बड़ा अजीब सा था मैंने पेपर पर उस नंबर को लिखकर कॉल किया तो वह फोन दोबारा इसी व्यक्ति को लगा उसने कहा जो मैंने नंबर भेजा है उसे पर कॉल करिए तो मैंने कहा इस पर तो कॉल किया है।

उसके बाद मैं टेक्स्ट मैसेज वाले नंबर पर सिर्फ क्लिक किया और मेरा फोन, व्हाट्सएप आदि सब उसके कंट्रोल में चला गया कि आज विद्यालय में डांडिया का कार्यक्रम चल रहा था तो काफी देर तक मैंने फोन नहीं देखा अचानक से फोन पर जब ध्यान गया तो व्हाट्सएप लाग आउट हो चुका था, धीरे-धीरे जानने वाले लोगों के मैसेज आने लगे कि आपका व्हाट्सएप से पैसे मांगे जा रहे हैं और उन लोगों के द्वारा फोन मिलाने पर फोन नहीं लग रहा था कॉल नहीं जा रही थी। यह व्यक्ति व्हाट्सएप पर रिप्लाई नहीं कर रहा था केवल मैसेज भेज रहा था। यह घटना बड़ी अजीब तरीके की थी क्योंकि हाथ में पकड़ा हुआ फोन और उसका पूरा कंट्रोल किसी और के हाथ में..... वह नंबर में आप सभी के साथ साझा कर रहा हूं जिस तरह से लिख कर आया था *21*6207031171# क्योंकि जो आज मेरे साथ हुआ है वह कल किसी के साथ भी हो सकता है साइबर क्राइम में इस घटना की कंप्लेंट की जा रही है सभी लोगों को ऐसे हैकर्स से बहुत ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।

## बैंकॉक से काठमांडू जा रही विमान की लखनऊ एयर पोर्ट पर लैंडिंग

लखनऊ।बैंकॉक से काठमांडू जा रही विमान की राजधानी के सरोजनी नगर स्थिति चौधरी चरण सिंह अंतराष्ट्रीय एयर पोर्ट पर लैंडिंग कराई गई। मालूम हो की काठमांडू मे मौसम खराब होने के चलते यह लैंडिंग कराई गई।लायन एयर लाइन्स की विमान संख्या एस ई एल 220 की लखनऊ एयर पोर्ट पर लैंडिंग कराई गई। बैंकॉक से काठमांडू पहुंची विमान काठमांडू मे मौसम खराब होने की वजह से सरोजनी नगर के चौधरी चरण सिंह अंतराष्ट्रीय एयर पोर्ट पर डाय वर्जन किया गया। इस विमान मे 134 यात्री सवार थे। यह विमान अपराह्न समय करीब तीन बजे लखनऊ एयर पोर्ट पर पहुंची। तत्पश्चात काठमांडू मे मौसम सही होने पर उसे रवाना किया गया।

## कोचिंग के लिए निकली किशोरी छात्रा लापता

आलमबाग। आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक किशोरी छात्रा शुक्रवार को कोचिंग के लिए घर से निकली और लापता हो गई। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित पिता ने एक युवक पर आशंका जता पुलिस से नामजद लिखित शिकायत की है। आशियाना थाना क्षेत्र के रजनी खंड शारदा नगर निवासी सत्य प्रकाश गुप्ता पुत्र राम प्रसाद गुप्ता के अनुसार उनकी 17 वर्षीय पुत्री वैष्नवी गुप्ता रोज की तरह कोचिंग के लिए शुक्रवार को घर से निकली थी और वापस घर नही लौटी। पीड़ित पिता का आरोप है कि उन्हें कोचिंग से पता चला है कि उनकी लडकी के पास जिसका मोबाइल फोन नम्बर है वह अंकित नामक लडके का है जिससे उनकी लडकी को बात करते कई बार देखा गया है। पीड़ित पिता के अनुसार अंकित नामक युवक के फोन काल आने के बाद उनकी लडकी लापता हुई है और मोबाइल फोन नम्बर बंद आ रहा है। जिसके चलते उन्होंने युवक पर बेटी की भगा ले जाने की आशंका जता नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लापता किशोरी की तलाश की जा रही है।

## घर के सामने बैठी वृद्धा की बाइक सवार बदमाशों ने छीनी चेन, मुकदमा दर्ज

आलमबाग। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बीते शुक्रवार देर शाम घर के सामने बैठी वृद्धा के गले पर झपट्टा मार बाइकसवार दो बदमाश गले में पहनी चेन छीन कर फरार हो गए। वही पुलिस ने पीड़िता के पति की शिकायत पर रविवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित एलडीए कॉलोनी सेक्टर डी1 में 72 वर्षीय चंद्रावती पाण्डेय पत्नी राकेश पाण्डेय अपने परिवार संग रहती है। पीड़िता के पति राकेश के अनुसार शुक्रवार शाम उनकी पत्नी बाजार से अपने घर लौटी थी और घर के द्वार पर ही कुर्सी डाल बैठ गई इस दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक आए और पीछे बैठे युवक ने अचानक से उनके गले पर झपट्टा मार सोने की चेन खींच फरार्टा भरते हुए फरार हो गया। जिसकी जानकारी उन्होंने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर देने के साथ स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता के पति की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आसपास फुटेज खंगाल लुटेरों की तलाश की जा रही है।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजा प्रताप विक्रम शाह इण्टर कॉलेज सिंगाही खीरी परिसर में इमारत के लिए खतरा बने पेड़ो की नीलामी दिनांक- 15.10.25 को समय प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक कालेज परिसर में प्रबंध समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में होगी। इच्छुक व्यक्ति समय से पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। पेड़ों की संख्या व शर्ते विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

प्रबंध समिति
राजा प्रताप विक्रम शाह इण्टर कॉलेज सिंगाही खीरी

**कार्यालय ग्राम पंचायत- हमजाबाद, वि.ख.- मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर**
पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-11.10.2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- हमजाबाद, विकासखंड- मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 में प्राप्त होने वाली धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरे आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 12.10.2025 से दिनांक- 17.10.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- हमजाबाद पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 17.10.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरे पीडब्ल्यूडी की दरे से अधिक नहीं होनी चाहिए।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | सीताराम एससी के घर से डिप्टी सिंह के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 4,52,468 लाख। | जिगजैग ईंट, ईंट, मोरंग, गिट्टी, बालू व अन्य सामाग्री। |
| 2. | शेर अली के घर से खलील अहमद के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 1,46,237 लाख। | जिगजैग ईंट, ईंट, मोरंग, गिट्टी, बालू व अन्य सामाग्री। |

सभी शर्ते व नियम लागू होंगे। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- हमजाबाद, वि0ख0- मोतिगरपुर
जनपद-सुलतानपुर।

# घर जा रहे युवक पर दबंगों ने चाकू से किया जानलेवा हमला



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग**।आशियाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद जागीर दो दिन पूर्व गुरुवार रात्रि असंख्य संख्या में दबंगों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर लहुलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। घायल युवक के मां ने अपने इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल में भर्ती करा स्थानीय आशियाना थाने में लिखित शिकायत की है।

आशियाना क्षेत्र के औरंगाबाद जागीर में रहने वाली घायल युवक की मां ममता पत्नी स्व० नन्हा लाल के अनुसार बीते 9 अक्टूबर शाम करीब सात बजे उनका बड़ा बेटा अभिषेक वर्मा अपने घर जा रहा था। उस दौराने उसके घर के पास ही रहने वालें अंशू, सुमित, अमन, तन्मय, उल्ला, गोविन्दा, कुनाल व 10-12 अज्ञात लड़को ने उनके बेटे अभिषेक पर चाकू से जानलेवा हमला कर लहुलुहान कर दिया और गाली गलौज करते हुए धमकी दे फरार हो गए। वही पीड़िता का कहना था कि उसके बेटे अभिषेक के शरीर में 15-20 जगह घाव हो गया। जिसके चलते उन्होंने अपने घायल बेटे को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल में भर्ती करा उपचार कराने के बाद स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस ने लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित युवक की मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

## किराया मांगने पर किराएदार ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**आलमबाग**। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले एक रिटायर्ड आर्मी आफिसर ने अपने किराएदार पर बकाया किराया मांगने पर गाली गलौज मारपीट धमकी देने का आरोप लगाया है। कृष्णानगर कोतवाली इलाके स्थित मालवीय स्टेट कालोनी में सेना में कैप्टन पद से रिटायर्ड शिव प्रकाश सिंह के अनुसार रवीश नामक लडका उनके घर मे किराए पर रहता था जिसके पास काफी समय से किराया बकाया है। आरोप है कि बीते शनिवार दोपहर किराया मांगने पर आरोपित किराएदार रवीश उनके साथ गाली गलौज के साथ मारपीट करने के साथ धमकी दे रहा है। वही पीड़ित आर्मी अफसर के अनुसार वह हार्ट पेशेंट है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह के अनुसार रिटायर्ड आर्मी आफिसर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

# गैंगरेप के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़, दो गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ**। बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार को कक्षा 11 की छात्रा के साथ हुए गैंगरेप मामले में बीती रात भागने की फिराक में आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। एक ही बाइक पर भाग रहे दो आरोपियों में से एक के पैर में पुलिस की गोली लग गई और वह गिर गया। जबकि उसका दूसरा साथी भागने में सफल रहा। वहीं ट्रेन से भागने के के लिए हरौनी रेलवे स्टेशन पर मौजूद एक आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने घायल आरोपी को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि दूसरे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई हैं। बताते चलें कि बंथरा थाना क्षेत्र की कक्षा 11 में पढ़ने वाली 17 वषीर्या किशोरी शनिवार दोपहर अपने परिचित के साथ थाना क्षेत्र के ही हरौनी चौकी के अंतर्गत आने वाले गांव में अपनी बड़ी बहन के घर जा रही थी। वह बनी - मोहान रोड स्थित हरौनी पेट्रोल पंप के पास बाइक खड़ी कर अपने परिचित से बात करते-करते आम के बाग में पहुंच गई। तभी नशे में धुत पहुंचे पांच युवकों ने उसके परिचित को मारपीट कर भगा दिया और किशोरी के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। इसके बाद पीड़ित ने अपने बहनोई को सूचना दी और उसके साथ हरौनी पुलिस चौकी पहुंची। जहां उसने घटना के दौरान आरोपियों द्वारा एक दूसरे के पुकारे गए नाम के आधार पर पीड़िता के पिता ने ललित, विशाल, छोटू और बाबू नामक युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने बताए गए नामों के आधार पर पता किया तो वह सभी हरौनी गांव के निकले। जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ने तीन टीमें बनाई और उनकी तलाश में शनिवार रात छापेमारी कर रही थी। तभी मुखबिर से पता चला कि एक युवक ट्रेन से भागने की फिराक में हरौनी रेलवे स्टेशन पर पहुंच चुका है। जबकि उसके दो अन्य साथी बाइक से वहां से पहुंचने वाले हैं। इस सूचना के बाद पुलिस हरौनी पावर स्टेशन से हरौनी रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते पर पहुंच कर चेकिंग करने लगी। पुलिस के मुताबिक इसी बीच एक बाइक से पहुंचे दो युवकों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह पुलिस को देखते ही अपनी गाड़ी मोड़कर भागने के चक्कर में गाड़ी सहित गिर गए और पुलिस के ऊपर फायरिंग कर दी। इस पर जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाई। जिससे एक युवक के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जबकि उसका दूसरा साथी भागने में सफल रहा। पुलिस ने घायल को तुरंत हिरासत में ले लिया। जबकि दूसरी टीम ने हरौनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से भागने की फिराक में मौजूद एक युवक को धर दबोचा। पूछताछ में घायल युवक ने अपना नाम हरौनी के ललित कश्यप, जबकि रेलवे स्टेशन से पकड़े गए युवक ने अपना नाम हरौनी के ही मेराज बताया। पुलिस ने मेराज से पूछताछ कर रविवार को उसे जेल भेज दिया है। जबकि ललित कश्यप को लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस की तीन टीमें फरार तीन अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही हैं। पुलिस के मुताबिक घायल ललित कश्यप के पास से 315 बोर का एक देसी तमंचा, एक खोखा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। उधर पीड़ित किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## अधिवक्ताओ के चैंबर पर नगर निगम ने चलायी जेसीबी

**लखनऊ**। नगर निगम ने रविवार को अधिवक्ताओं के चैंबर को जेसीबी चला कर ध्वस्त कर दिया। परिवहन कार्यालय व बीएसएनएल कार्यालय के पास बने कई चैंबर पर जेसीबी चलने की सूचना पर मौके पर तनाव फै ल गया। चै बर तोड़े जाने से नाराज अधिवक्ताओं ने नगर निगम प्रशासन पर आरोप लगा चेतावनी दी है की अब अधिवक्ताओं के सब्र का बांध टूट गया है, ऐसे में आन्दोलन के लिए तैयार रहे। अधिवक्ताओं ने नगर निगम की उक्त काररवाई को मनमानी और गैरकानूनी कार्रवाई करार देते हुए जि मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई और क्षतिग्रस्त चैंबरों के पुनर्निर्माण की मांग की है। रविवार सुबह करीब 10 बजे के आसपास न्यायालय परिसर के उस हिस्से में प्रशासनिक टीम पहुंची, जहां सेंट्रल बार के अधिवक्ताओं के चैंबर बने थे। टीम ने कुछ चैंबरों को अवैध निर्माण बताकर गिरा दिया। इस दौरान कई वकील मौके पर पहुंचे और विरोध जताना शुरू कर दिया। कुछ अधिवक्ता वहीं धरने पर बैठ गए तो कुछ ने प्रशासनिक अफ सरों से बहस करने लगे। अधिवक्ताओ का कहना था कि किसी तरह की पूर्व सूचना या नोटिस नहीं दिया गयी थी। जिससे उन्हें अपना सामान या फाइलें तक निकालने का मौका नहीं मिला। घटना के बाद पूरे कोर्ट परिसर में वकीलों के बीच भारी नाराजगी दिखी। कई अधिवक्ता समूहों ने प्रदर्शन की चेतावनी दी। फि लहाल पुलिस बल तैनात है और माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह से नियमों के विपरीत है। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, की हम वर्षों से यहां प्रैक्टिस कर रहे हैं। यह चैंबर सिर्फ काम की जगह नहीं बल्कि हमारी रोजी-रोटी का केंद्र है। बिना कोई नोटिस दिए इसे तोड ?ा न सिर्फ गैरकानूनी बल्कि निंदनीय भी है। वकीलों ने कहा कि यदि इस कार्रवाई की जांच नहीं कराई गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे बार काउंसिल और उच्च न्यायालय के समक्ष प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। घटनास्थल पर मौजूद अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी और न्यायालय प्रशासन से मांग की कि क्षतिग्रस्त चैंबरों का तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए। वकीलों का कहना है कि चैंबरों के टूटने से कई महत्वपूर्ण केस फाइलें, दस्तावेज और निजी सामान क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## प्रॉपर्टी हड़पने व रजिस्ट्री के बाद कब्जा न देंने का लगाया आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ**। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में रहने वाले एक प्रॉपर्टी डीलर पर दो महिलाओ ने प्रॉपर्टी हड़पने व रजिस्ट्री के बाद कब्जा न देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनो पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक इंद्रा नगर लखनऊ निवासी प्रीति पांडेय ने सरसवां के आरएन नगर कालोनी में 800 स्कवयर फिट जमीन प्रॉपर्टी डीलर जितेंद्र से खरीदी थी। चार साल पहले पूरा पैसा लेकर रजिस्ट्री भी की लेकिन जमीन पर कब्जा नही दिया। आरोप है कि कई बार कब्जे को लेकर उसके पास गए लेकिन न कब्जा दे रहा है न पैसा वापस कर रहा है। अब कब्जा मागों तो धमकी देता है। पीड़िता ने बताया कि जब कोई विकल्प नही बचा तो मुकदमा दर्ज कराना पड़ा।

वहीं दूसरी रिपोर्ट सुप्रिया गुप्ता निवासी अलीगंज ने दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने 2015 में जमीन की रजिस्ट्री करवाने के बाद 2021 में बाउंड्री वाल करवा कर गेट लगवा दिया। पति आकाश के भाई की आचानक मौत हों जाने के कारण गांव जाना पड़ा। गांव में ज्यादा समय लग जाने के कारण कोई देख रेख करने नही आया। जिसका फायदा अर्जुनगंज के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर जितेंद्र कुमार यादव ने बखूबी उठाया। पीड़िता का आरोप है कि पहले अपनी जमीन बेची जब बाउंड्री वाल कर गेट लगा लिया तो कुछ दिन बाद गेट का ताला तोड़कर प्लाट पर कब्जा कर भवन निर्माण कर बेच दिया। जानकारी होने पर मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस के मुताबिक ऐसे जमीनी मामले करीब एक दर्जन पहले से दर्ज है। जितेंद्र को जिला बदर भी किया जा चुका है।

## ओम प्रकाश को कलश रत्न, आरेन्द्र को मिला रंग साधना सम्मान

**लखनऊ**। कला निकेतन सोसायटी की ओर से आयोजित अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी कलांश 2.0 का समापन रविवार को हुआ। लाल बारादरी में लगी प्रदर्शनी में लखीमपुर, बस्ती, सीतापुर, कानपुर, लखनऊ, बनारस, इलाहाबाद सहित पंजाब, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ जैसे विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी कृतियों के माध्यम से कला की विविधता और गहराई को प्रस्तुत किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ फिल्म अभिनेता एवं रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी थे। समारोह में संस्था की ओर से वाराणसी के डा. ओम प्रकाश गुप्ता को कलश रत्न 2025 सम्मान, लखनऊ के आरेन्द्र चौधरी को रंग साधना सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्वर्गीय श्री भजनलाल वर्मा स्मृति युवा कला प्रेरणा सम्मान 2025 से वाराणसी के सुरेश कुमार सौरभ एवं छत्तीसगढ़ के विवेकानंद रजक सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 20 आमंत्रित कलाकारों एवं 45 युवा कलाकारों को प्रमाणपत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी के दौरान देशभर के कलाकारों की चित्रकला, मूर्तिकला, फोटोग्राफी और डिजिटल आर्ट की कृतियों ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। इस मौके पर डा. पूर्णिमा तिवारी, दीपक कुमार गुप्ता, उमेश गुप्ता, प्रो. राजेन्द्र प्रसाद, प्रो. सुनीता शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## प्रगति महोत्सव में बिखरे गीत संगीत संग डांडिया के रंग




**लखनऊ**। प्रगति महोत्सव 2025 सेक्टर एम आशियाना आशियाना कोतवाली के बगल में 1 अक्टूबर 2025 से 26 अक्टूबर 2025 तक प्रगति इवेंट द्वारा आयोजित महोत्सव में नित्य नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। महोत्सव में पहली बार सेल्फी प्वाइंट के रूप में ऐलिफ टावर, लोटस टेंपल, बुर्ज खलीफा, लखनऊ में पहली बार बटरफ्लाई गेट महोत्सव की शान और शौकत को बहुत बढ़ा रहा है। प्रगति महोत्सव 2025 में जहां एक तरफ डांडिया ने अपना खूब रंग बिखेरे वही आज संगीत की दुनिया के दो सितारे सलीम के के तथा एस के, के सदाबहार नगमो नने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। देर रात तक लोगों की फरमाइश जारी रही और लोगों ने खूब मौज मस्ती किया। प्रगति महोत्सव 2025 में झूला मस्ती के साथ फर्नीचर, क्रोकरी, कारपेट, लेडीज सूट, जेंट्स कुर्ता पजामा, डबल बेड की चादर, गुलाबी जड़ों के दोहर, कंबल, फूड स्टॉल पर हर प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन लोगों को खूब भा रहे हैं। प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक विनोद कुमार सिंह ने विशेष रूप से पधारे कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक जौनपुर पूर्व एमएलसी, पंकज शुक्ला ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक, अमरजीत यादव का महोत्सव में स्वागत किया तथा पौधा देकर सम्मानित किया इस अवसर पर उपाध्यक्ष एन बी सिंह भी मौजूद रहे।

## गूंज संस्था ने मनाया दान उत्सव



**लखनऊ**। सुरक्षा-2, एल्डिको उद्यान दो, लखनऊ में आज गूंज संस्था द्वारा दान उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलोनी के लगभग हर घर से लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कपड़े, खिलौने, स्टेशनरी, दैनिक उपयोग की वस्तुएं तथा नगद राशि दान स्वरूप दी। इस अवसर पर गूंज संस्था की रुचि मैडम, प्रियंका शर्मा, शिवानी सिंह, दिलीप सिंह, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. ए. के. सचान, प्रदीप सिंह, महेंद्र वर्मा, अरुण श्रीवास्तव, रमेश सर, संदीप कश्यप, उमेश दत्त शर्मा, विभा शर्मा, सुधा सिंह, प्रदीप चौधरी, सुरेश चंद्र, अजय उप्रेती, महेंद्र श्रीवास्तव, महेंद्र शर्मा, अभय मल्होत्रा, अवनीश शर्मा, तथा जी. सी. यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान फ्हअ की ओर से दिलीप सिंह द्वारा प्रदान की गई राम किट सभी परिवारों को वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य समाज में जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना और दान के महत्व को बढ़ावा देना था।

# राजधानी में अलग-अलग सतरंगी रिवाज से रौशन होती है दिवाली



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिवाली की रौनक हर जगह नजर आ रही है। कोई इस त्योहार के लिए मिट्टी के डिजाइनर दीये व गणेश-लक्ष्मी खरीद रहा है तो कोई गुझिया बनाने और कालीजी की पूजा की तैयारियों में व्यस्त है। खुद में कई डिफरंट कल्चर समेटे लखनऊ में दिवाली भी अलग-अलग अंदाज में मनाई जाती है। इनके सेलिब्रेशन का तरीका भले ही अलग हो लेकिन सबका मकसद खुशियां पाना ही है।

आइए जानते हैं कि लखनऊ में बंगीय, मराठा, पंजाबी, जैन जैसे कई समाज के लोग किस तरह अपनी दिवाली सेलिब्रेट करते हैं। इस बार दीपावली 20 अक्टूबर को मनायी जोयगी।

**बंग समाज करता है कालीजी की पूजा:** मां दुर्गा के पूजन के बाद बंगीय समाज दीपावली पर कालीजी की पूजा करता है। मदन मोहन मालवीय मार्ग निवासी इनाक्षी घोष सिन्हा कहती हैं कि हमारे यहां धनतेरस पर कुबेर की पूजा की जाती है। उस दिन गोबर को पवित्रता और धान को सम्पन्नता के रूप में पूजा जाता है। छोटी दिवाली कालीजी की पूजा का पहला दिन होता है। इसके लिए घर की महिलाएं चंदन, सिंदूर और काजल की हाथ से चौदह बिंदियां मुख्य दरवाजे पर लगाती हैं, ताकि नकारात्मकता से घर के सदस्य बचे रहें। इस दिन लोग मीठे दही में चिड़वा डालकर खाते हैं। साथ ही 14 तरह की साग वाली सब्जियां तैयार करते हैं। इस दिन पालक का साग, मूली, बैगन, सेम, आलू से तैयार चढ़चरी की सब्जी बनाकर काली मां को उसका भोग लगाया जाता है। छोटी दिवाली को देर रात से शुरू हुई काली मां की पूजा अगले दिन बड़ी दिवाली तक जारी रहती है। मां काली को चढ़े भोग को बड़ी दिवाली पर प्रसाद के रूप बांटा जाता है।

**मराठों में है गुझिया की परंपरा:** महाराष्ट्र में दीपावली पर गुझिया का चलन है। राजेन्द्र नगर निवासी सुरेश विष्णु महादाने ने बताया कि जिस तरह होली पर लोग गुझिया बनाते हैं, उसी तरह मराठा समाज के लोग दीपावली पर नारियल सूजी और मेवे की गुझिया बनाते हैं। इसे करंजी कहते हैं। इन गुझियों को खासतौर पर पोस्ते में लपेटकर तैयार किया जाता है। छोटी दिवाली पर मराठा समाज के पुरुष सुबह उबटन लगाकर स्नान करते हैं। इसके बाद हनुमानजी का पूजनकर फलाहार और मिठाई खाई जाती है। शाम को महिलाएं तुलसी और मुख्य दरवाजे पर दीया रखती हैं। बड़ी दीपावली पर गणेश-लक्ष्मी का विधि-विधान से पूजन होता है। इस दौरान धनतेरस पर जो वस्तु खरीदी जाती है, उसका सोने-चांदी संग पूजन किया जाता है। दरवाजे को तोरण से सजाया जाता है। इस मौके पर गुझिया अंदरसे लड्डू संग नमकीन में चकली, चिड़वा का भगवान को भोग लगाया जाता है। अगले दिन गोवर्धन पर्व पर पति के स्नान के बाद पत्नी उनकी आरती करके पूजा करती हैं।

**भार्गव समाज में गुझियों का चलन:** हुसैनगंज की श्वेता बताती हैं कि इस दिन भार्गव समाज धनतेरस पर कुबेर की पूजा करता है। बड़ी दीपावली पर हटरी रखकर पूजन करते हैं। लक्ष्मी-गणेश को नए आभूषण पहनाए जाते हैं। इस मौके पर जिमिकंद और गुझिया बनाई जाती है। साथ ही उबले हुए सिंघाड़े भी बनते हैं। इस दिन चांदी की थाली में खाने का चलन है। परेवा पर अन्नकूट की मिक्स सब्जी बनती है। साथ ही मीठे बाजरे संग पकौड़ी तैयार की जाती हैं। भाई दूज के दिन बहनें खसखस से तिलक किया जाता है।

### सिंधी समाज में होती है हटरी पूजा

ऐशबाग की नंदनी मोतियानी ने बताया कि सिंधी समाज में धनतेरस पर सोने, चांदी संग पीतल की वस्तुएं खरीदी जाती हैं। उस दिन सात दीये रोशन किए जाते हैं। छोटी दीपावली पर 14 दीये रखकर गणेश संग कुबेर और लक्ष्मीजी की पूजा होती है। इसमें चांदी के सिक्के को दूध से नहलाकर उसकी पूजा करते हैं। सिंधी समाज में इस दिन खासतौर से कराची हलवा बनाया जाता है। इसके अलावा नारियल, चने की दाल, ड्राई फ्रूट्स, लइय्या, तिल और खसखस संग गुड़ के बड़ा की मिठाई से मेहमनों का स्वागत किया जाता है। बड़ी दीपावली पर सुहागिनें हटरी की पूजा करती हैं, जो मायके से आती है। अब मिट्टी के अलावा चांदी और लकड़ी की भी हटरी आ रही हैं। दिवाली के बाद 15 दिवसीय कार्तिक पूजा शुरू हो जाती है।

### पर्वतीय समाज करता है यम की आराधना

पर्वतीय समाज में गोवर्धन पूजन से पहले यम पूजन की परंपरा है। उत्तराखंड महापरिषद के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ठ के अनुसार, धनतेरस पर यम पूजन होता है। घर के दरवाजे पर लाल सफेद रंगोली बनाई जाती है। घर में जितने सदस्य होते हैं, उतने दिए रोशन कर पूजन किया जाता है। बड़ी दीपावली पर अनाज दान का खास महत्व है इसलिए सुबह थाली में चावल पर दीया रोशन कर दान किया जाता है। शाम को लक्ष्मी रंगोली संग महालक्ष्मी की पूजा होती है। गोवर्धन पूजा पर गाय की पूजा की जाती है। इसमें गाय के सींग पर तेल लगाया जाता है और चावल के आटे की छापे गाय की पीठ पर लगाकर उसके स्वस्थ रहने की कामना की जाती है।

### सिख समाज मनाता है बंदी छोड़ दिवस

लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा बताते हैं कि बड़ी दीपावली पर हमारे समाज के लोग घरों पर दीप जलाते हैं और आतिशबाजी करते हैं। इसका कारण बंदी छोड़ दिवस होता है। दरअसल, इस दिन छठे गुरु हरगोविन्द साहेब ग्वालियर की जेल से छूटे थे। उन्होंने अपने संग 52 राजाओं को भी रिहा करवाया था इसलिए उन्हें बंदी छोड़ दाता के रूप में जाना जाता है। उनके अमृतसर लौटने पर सिख समाज ने दीयों को रोशन कर अपनी खुशी का इजहार किया था। इस दिन गुरुद्वारों में विशेष दीवान होता है, जिसमें आई संगत शबद कीर्तन संग लंगर छकती है। घर पर लोग खीर, मिठाई, हलवा आदि बना कर मेहमानों का स्वागत करते हैं।



### महावीर स्वामी की याद में होती है पूजा

चौक जैन समाज के मुख्य संरक्षक कैलाश चन्द्र जैन बताते हैं कि जैन धर्म के 24वें तीर्थांकर महावीर स्वामी का कार्तिक अमावस्या पर मोक्ष निर्वाण हुआ था इसलिए दीपावली पर खासतौर से भगवान महावीर स्वामी की पूजा की जाती है। उन्हें मोक्ष निर्वाण लड्डू चढ़ाया जाता है। इस मौके पर सबसे ज्यादा बूंदी के लड्डू का चलन है। इससे पहले धनतेरस पर कुबेरजी की पूजा होती है। भाईदूज पर बहनें भाई के अलावा भाभी को भी रक्षा सूत्र बांधती हैं।

# ढोली तारो ढोल बाजे...गीत पर जमकर थिरकीं महिलाएं



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मारवाड़ी युवा मंच अवध शाखा की ओर से गोमती नगर 1090 चौराहे के पास एक होटल मे दीपावली उत्सव एवं डांडिया का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस मौके पर मुंबई का डीजे कई गेम्स, डांस, लकी ड्रा के आयोजन किए गए। डांडिया करने के लिए विशेष राजस्थान से आई टीम ने धमाल मचाया। महिलाओं ने डांडिया व गरबा नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी। रंग-बिरंगे परिधानों, झिलमिलाती रोशनी और डांडिया की ताल पर थिरकती महिलायें सुरभि अग्रवाल, सुप्रिया अगरवाल, रितिका अग्रवाल, सोनिका अग्रवाल, अनामिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल ने पूरे वातावरण को उल्लास और उत्साह से भर दिया। उत्सव में ढोली तारो ढोल बाजे..., नगाड़े संग ढोल बाजे..., राधा कैसे न जले.. उड़ी उड़ी जाए..., गरबे की रात..., जैसे गानों पर लोगों ने खूब नृत्य किया। इस मौके पर इस मौके पर से संस्थापक अनुराग अग्रवाल, नीलेश अग्रवाल टाटा, अध्यक्ष सुधांशु अग्रवाल समेत बडी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके अलावा विशेष आकर्षणः साइकिल ब्रांड द्वारा 6 फीट की अगरबत्ती जो पूरे 24 घंटे अपनी महक से कार्यक्रम स्थल को सुगंधित कर रही थी।

## 'डांडिया धमाल' में रंगारंग प्रस्तुति से समां बांधा




**लखनऊ।** एक्सीलिया स्कूल में शनिवार शाम उत्साह और उमंग से भरपूर डांडिया धमाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती को नमन करने के पश्चात पूर्व चेयरमैन डी.एस. पाठक के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया, तत्पश्चात चेयरमैन पुनीत पाठक एवं मंजू पाठक, डायरेक्टर आशीष पाठक, शालिनी पाठक, प्रधानाचार्या मीनू श्रीवास्तव, मेंटर कृष्ण मिश्रा, सलाहकार प्रवीण पाण्डे के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिसमें नृत्य, संगीत और समूह प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और सजावट से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। तत्पश्चात मुख्य आकर्षण रहा ह्यडांडिया धमाल, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने एक साथ गरबा और डांडिया की ताल पर थिरककर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इसके साथ ही प्रतियोगिताओं में विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। आयोजन में फूड स्टॉल्स पर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए अभिभावकों और विद्यार्थियों ने भरपूर मनोरंजन किया। वहीं गेम जोन ने बच्चों और बड़ों, दोनों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस तरह के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

# गुरु रामदास रखो सरणाई...शबद कीर्तन सुन संगत हुई निहाल

## गुरु राम दास जी को समर्पित दो दिवसीय गुरमत दीवान का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** साहिब श्री गुरु राम दास जी को समर्पित दो दिवसीय गुरमत दीवान का समापन आज गुरुद्वारा सिंह सभा, सदर कैंट, लखनऊ में श्रद्धा और उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान सरदार तेजपाल सिंह जी ने कहा कि गुरु राम दास जी की शिक्षाएँ आज भी सेवा, विनम्रता और समर्पण का मार्ग दिखाती हैं। ऐसे गुरमत दीवान समाज को गुरु परंपरा से जोड़े रखने का श्रेष्ठ माध्यम हैं। दीवान की आरंभता हजूरी रागी भाई प्रताप सिंह जी ने आसा की वार के कीर्तन से की। इसके उपरांत ज्ञानी हरविंदर सिंह जी ने कथा के माध्यम से गुरु राम दास जी के जीवन, उपदेशों और समाज कल्याण के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशेष आमंत्रण पर पधारे भाई संदीप सिंह जी, हजूरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर, ने गुरु रामदास रखो सरणाई शब्द की अमृतमयी प्रस्तुति देकर संगत को आत्मविभोर कर दिया। इस अवसर पर सरदार हरपाल सिंह जग्गी, कार्यवाहक अध्यक्ष, लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अपने अभिभाषण में कहा कि श्री गुरु राम दास जी की बाणी में कुल 1538 शब्द 30 रागों में अंकित हैं। आनंद कारज की बाणी सूही राग में इन्हीं द्वारा उच्चारित की गई है, जो मानव जीवन में पवित्रता, प्रेम और त्याग का संदेश देती है। दीवान के साथ-साथ गुरु हर राय डायग्नोस्टिक्स सेंटर द्वारा स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई स्वास्थ्य परीक्षण निःशुल्क किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरदार कुलबीर सिंह कोहली, इंदरजीत सिंह, परमजीत सिंह, अमृतपाल भल्ला, सुरिंदर सिंह, गुरमीत सिंह, राजपाल सिंह, सतविंदर सिंह तथा वरिष्ठ सदस्य हरजीत सिंह उपस्थित रहे। दीवान का समापन अरदास और गुरु का लंगर के साथ हुआ।

# हास्य नाटक आज की जरूरत : डा.विद्याविंदु सिंह

- आरके नाग के दो नाट्य संग्रहों का विमोचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। बली हाल में आयोजित समारोह में आरके नाग से प्रसिद्ध रामकिशोर नाग के लिखे दो हास्य नाट्य संग्रहों 'इटालियानो' और 'हम तो चले हरिद्वार' का विमोचन पद्मश्री डा.विद्याविंदु सिंह, अभिनेता डा.अनिल रस्तोगी और एसबीआई के सहायक महाप्रबंधक दिवाकर मणि ने किया।

इस अवसर पर अध्यक्षीय वक्तव्य में डा.विद्या विंदु ने नाटकों में साधारणीकरण की जरूरत बताते हुए कहा कि संत्रास भरे आज के समय में हास्य नाटकों की महत्ता बढ़ गयी है। मनोरंजन का साधन तो होते ही हैं, साथ ही समाज को स्वरूप और समस्याओं को इंगित करते हुए उनका समाधान भी सुझाते हैं। बिम्ब सांस्कृतिक समिति रंगमण्डल के संयोजन और नवल शुक्ल के संचालन में चले कार्यक्रम में डा. अनिल रस्तोगी ने रमेश मेहता, सतीश डे आदि के हास्य नाटकों के दौर की चर्चा करते हुए कहा कि नाग के लिखे हास्य नाटक मंचन के योग्य हैं। उन्हें मोहन राकेश के नाम का पुरस्कार मिल चुका है। हास्य नाटक लिखना और करना दोनों मुश्किल होता है।

दिवाकर मणि ने काव्येषु नाटकं रम्यं उक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि नाट्य साहित्य समाज को शिक्षित करता है। रचनाकार गोपाल कृष्ण शर्मा मृदुल ने विचार रखते हुए बताया कि लेखक ने हास्य के संग व्यंग्य को भी बखूबी नाटकों में उभारा है। श्री नाग ने आभार व्यक्त करते हुए अपने रचनाकर्म के बारे में बताया। विमोचित संग्रहों में विशिष्ट हास्य के तीन-तीन प्रहसन हैं। नाटक वे अब तक विविध विषयों पर ममता, रांग नम्बर, बंगला नम्बर 302, द कान्ट्रैक्ट, बकरी की मौत, सत्यदेव, कैदी सूरज की वापसी, स्पीड ब्रेकर, रिसते रिश्ते, कबीर एक ध्रुव तारा, घौलू पंडित, मुझे मौत दे दो आदि 46 छोटे बड़े नाटक लिखे हैं। इनमें से अधिकांश मंचित हो चुके हैं। उनका नाट्य संग्रह 'वन टू का फोर' भी प्रकाशित हो चुका है।

# नहीं रचेंगे स्वांग भइया 'हम तो चले हरिद्वार'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कौन जाने एक झूठ के पीछे कितने और झूठ बोलने पड़ें, कितने स्वांग रचने पड़ें ! सीधे- साधे चन्द्रप्रकाश बाबू अंततः तौबा कर ही लेते हैं कि नहीं रचेंगे स्वांग भइया 'हम तो चले हरिद्वार।

संस्कृति मंत्रालय नयी दिल्ली, संस्कृति निदेशालय उत्तर प्रदेश व भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से लेखक रामकिशोर नाग के लिखे ऐसे दृश्य और संवादों वाले हास्य नाटक का मंचन बिम्ब सांस्कृतिक समिति रंगमण्डल के कलाकारों ने आज शाम महर्षि कपूर के निर्देशन एवं दृश्य परिकल्पना में राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में कर दर्शकों को हंसाया। अखबार में छपे एक विज्ञापन से शुरू हुआ नाटक झूठ से उपजी मुसीबतों में फंसने के बजाय हंसी हंसी में सच अपनाने का संदेश प्रेक्षकों को दे गया। क्रियात्मक हास्यजन्य परिस्थितियों वाले नाटक की कहानी में अलग-अलग शहरों में नौकरी करने वाले बेटे-बहू रवि और ज्योति को बुजुर्ग चन्द्रप्रकाश का अखबार में दिया विज्ञापन और पास आये कानूनी नोटिस की शर्तें सांसत में डाल देती हैं। इस हिसाब से अगर साल भर के भीतर वो दादा नहीं बने तो बेटे बहू को पांच करोड़ रुपये का हजार्ना भरना होगा। नोटिस पाकर हकबकाए रवि और ज्योति चन्द्रप्रकाश बाबू को अपनी दिक्कतें बताने मिलने आते हैं, पर वे टस से मस नहीं होते। उनकी बच्चा न गोद लिया हो, न चुराया गया हो, न सेरोगेसी हो और न मांगा गया हो जैसी ढेरों शर्तें रवि और ज्योति को उलझाती हैं तो पैदा हालात दर्शकों को गुदगुदाती हैं। दोनों अपने अपने ट्रांसफर के लिए आवेदन करते हैं और संयोगवश दोनों का स्थानान्तरण हो जाता है। वे फिर एक दूसरे के स्थान पर आ जाते हैं, यानी नतीजा वही ढाक के तीन पात, पहले जैसा। चंद्रप्रकाश बाबू के साथ रहकर एक ही शहर में नौकरी करने के लिये इस बार दोनों चन्द्रप्रकाश को लकवा मारे जाने के फर्जी चिकित्सा प्रमाण पत्र के सहारा लेकर साथ रहने में तो सफल हो जाते हैं। ऐसे में बहुत से लोग चन्द्रप्रकाश बाबू से मिलने आने लगते हैं। रवि और ज्योति उनको इस बात के लिए तैयार कर लेते है, कि जब कोई उनको देखने आएगा तो वो लकवाग्रस्त मरीज का अभिनय करेगें। रोज रोज लोगों के देखने आने पर चन्द्रप्रकाश ऐसा करने से खीझ जाते हैं। हद तो तब हो जाती है जब रवि की बुआ यानी अपनी बहन के आने पर वो घबराकर लकवाग्रस्त होने की एक्टिंग से इन्कार कर देते हैं। बदली परिस्थितियों में

मजबूरी में रवि और ज्योति फिर से एक और झूठी रिपोर्ट, जिसमें उनके माता-पिता और चन्द्रप्रकाश बाबू के दादा बनने की पुष्टि हो जाती है, का सहारा लेते हैं। पहले तो चन्द्रप्रकाश बाबू यह मानकर कि वास्तव में ऐसा है, खूब खुश होते हैं, पर यकायक उन्हें लगता है कि बेटे बहू तो नौकरी पर चले जाएंगे और बच्चे की परवरिश देखभाल सब उन्हें करना पड़ेगा.....तो उनके हौसले पस्त हो जाते हैं कि भइया ये हमसे न हो पायेगा, हम तो चले हरिद्वार।

# बुंदेलखंड के कलाकारों ने सबका मन मोहा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोती महल लॉन में चल रहे दो दिवसीय जीतो कार्निवल के अंतिम भी उत्साह का रहा। शाम को शुरूआत मंगलाचरण से हुई। उसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तराखंड के कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति दी गई एवं बुंदेलखंड के कला ने सबका मन विभोर कर दिया। कार्यक्रम के क्रम में रात्रि कवि सम्मेलन की रही जिसने सबमें हास्य उल्लास का वातावरण बना दिया। अतिथि की श्रृंखला में मुख्यमंत्री के सलाहकार आईएस अवनीश अवस्थी, महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ भट्ट, प्रख्यात कवि सर्वेश अस्थाना, एसीपी विकास जायसवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंकित जैन सनत जैन दिव्य प्रखर अतिशय अमन मनीषा सहित अनेकों सम्मिलित हुए। जीतो के महा सचिव अभिषेक जैन ने बताया कि जीतो लखनऊ द्वारा यह प्रथम अवसर है जब इस प्रकौर का आयोजन किया गया है जिसमें सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। चेयरमैन पी के जैन से सभी को प्रतीक चिन्ह भीन कर सम्मानित किया ।

# दशरथ-कैकेयी संवाद देखकर दर्शक हुए भावविभोर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** मयार्दा पुरूषोतम भगवान श्रीराम चन्द्र जी की रामलीला का आयोजन पर्वतीय महापरिषद भवन, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ में तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है जिसमें आज द्वितीय दिवस कैकेयी मन्थरा संवाद, दशरथ कैकेयी संवाद, राम, लक्ष्मण, सीता द्वारा वनगमन हेतु कौशल्या एवं सुमित्रा से विदा लेना, वन गमन गीत, पंचवटी में सूर्पणखा का नासिका छेदन, खरदूषण दरबार में सूर्पणखा का प्रवेश, खरदूषण वध, रावण दरबार में सूर्पणखा का प्रवेश, रावण एवं मारीच संवाद, पंचवटी में स्वर्णमृग का प्रवेश एवं मारीच वध, जोगी रावण का प्रवेश एवं सीता हरण, के दृष्य प्रस्तुत किये गये। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आज शहर की विभिन्न रामलीला समितियों एवं संगठनों के पदाधिकारी गण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिनका रामलीला समिति के अध्यक्ष गोविन्द सिंह बोरा एवं महासचिव रमेश चन्द्र उपाध्याय ने सभी अतिथियों को रामनामी पट्ट पहनाकर स्वागत किया।

सांस्कृतिक मंत्री आनन्द सिंह कपकोटी के निर्देशन में आज दशरथ कैकेयी संवाद जिसमें हरीश काण्डपाल दशरथ एवं उनकी पत्नी चित्रा काण्डपाल ने कैकेयी का अभिनय किया जिसकी दर्शकों ने अत्यंत सराहना की। दशरथ ने राग विहाग में प्रिये तुम काहे होत मलीन गीत गाकर कैकेयी को रिझाने का प्रयत्न किया तथा राग जैजैवंती में सुनहूँ प्रिया मैं कहूँ सतवाणी व विलाप गीत क्यों तू मारे है पापिन राम विरह के वाँण गाकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। राम लक्ष्मण सीता द्वारा गाया गया वन गमन गीत उतारूँ राज के कपड़े हमें माता विदा कीजै अत्यंत मार्मिक रहा जिससे दर्शकों की आँखें भर आयी। राम का अभिनय नेहा सिंह एवं लक्ष्मण निक्की सिंह दोनों सगी बहनें हैं। सीता का अभिनय किरन जोशी द्वारा किया गया। सूर्पणखा सरिता भाकुनी का नृत्य एवं गायन निकिता गोस्वामी सहित सभी कलाकारों का अभिनय अत्यंत सराहनीय रहा। रावण पुष्कर सिंह नयाल का अभिनय प्रभावशाली रहा, खर-दूषण हरीश काण्डपाल, ख्याली सिंह एवं तारा दत्त काण्डपाल का अभिनय सराहनीय रहा। कुम्भकर्ण- ख्याली सिंह, जोगी रावण गोविन्द सिंह बोरा तथा मारीच-मनीष उपाध्याय का अभिनय प्रभावशाली रहा। कौशल्या दमयंती नेगी थी। पात्रः- राम- नेहा सिंह, लक्ष्मण- निक्की सिंह, सीता-किरन जोशी, भरत- प्रज्जवल सिंह रावत, शत्रुघन- दक्ष बिष्ट, हनुमान-आनन्द सिंह कपकोटी, दशरथ -हरीश काण्डपाल, कैकेयी-चित्रा काण्डपाल, कौशल्या- दमयंती नेगी, सुमित्रा-राधिका बोरा, जनक-नरेन्द्र सिंह फत्र्याल, परशुराम- गोविन्द सिंह बोरा, विश्वामित्र- मनीष उपाध्याय, राजा-धनुष यज्ञ में- राजा- दीवान सिंह बिष्ट, लाल सिंह बोरा, तारा सिंह बोरा, गोस्वामी, बन्दी जन- धनुष यज्ञ में-कैलाश बिनवाल, त्रिभुवन बोरा, रावण- पुष्कर सिंह नयाल, मेघनाद- तारा दत्त काण्डपाल, वाणासुर-कमल सिंह नेगी, सुलोचना- भारती काण्डपाल, मन्थरा- रावत, सूर्पणखा-पाश्र्व गायिका-.निकिता गोस्वामी, सूर्पनखा- सरिता भाकुनी, अहिल्या- वंशिका नयाल, ताड़का- ख्याली सिंह कड़ाकोटी, सुबाहु- किशन सिंह बोरा, खर-हरीश काण्डपाल, दूषण-टीडी काण्डपाल, त्रिशिरा- ख्याली सिंह कड़ाकोटी, सुग्रीव-लाल सिंह बोरा, मारीच-मनीष उपाध्याय, जोगी रावण- गोविन्द सिंह बोरा, बालि-किशन सिंह बोरा, जनक दरबारी- रावण दरबारी- कमल सिंह नेगी, हरीश काण्डपाल, कुम्भकर्ण- ख्याली सिंह कड़ाकोटी, , नविता जोशी, सुशैन वैद्य-कैलाश बिनवाल, सुशैन सहायक रहे।

# महंगे सोने ने बढ़ायी चिंता

आम भारतीयों के लिए सोना निवेश का कोई सर्वमान्य समाधान नहीं है। सोना हमारे रीति, रिवाज और परंपराओं में रचा-बसा है। चाहे दीवाली-अक्षय तृतीया का पर्व हो, बेटी की विदाई का भावपूर्ण अवसर हो या बहू को शगुन में उपहार भेंट करने का शुभ मौका। जीवन में इन तमाम महत्वपूर्ण अवसरों पर हमारे संस्कार और खुशियां सोने के बिना पूर्ण नहीं होती हैं। ऐसे में त्यौहारों के मौके पर और त्योहारों के कुछ दिन बाद शुरू होने वाले शुभ-लग्न में महंगा होना बहुत परेशान करेगा। कुछ सट्टेबाजों, निवेशकों के लिए बेशक हर दिन महंगा होता सोना कमाई का मौका हो सकता है लेकिन आम भारतीयों के लिए यह गंभीर चिंता और परेशानी का सबब बन गया है। त्योहारों और शादियों का मौसम है। बेटी की शादी होनी है, तो आप कुछ सोने के आभूषण बनवाने की सोच रहे होंगे, लेकिन बजट अनुमति नहीं देता, क्योंकि सोना आम आदमी के बजट से बाहर होता जा रहा है। दरअसल 10 ग्राम सोने के दाम 1.22 लाख रुपये तक पहुंच चुके हैं और चांदी भी 1.5 लाख रुपये के पार चली गई है। आम आदमी बेटी को सोना कैसे दे पायेगा? वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल का मानना है कि सोने में अब भी उतना निवेश नहीं हो रहा, जितना होना चाहिए। वैश्विक



निजी निवेश में सोने की हिस्सेदारी मात्र 1-2 फीसदी ही है, जबकि केंद्रीय बैंकों में सोने का रिजर्व 10-20 फीसदी के बीच रहा है। फिर भी यह दिलचस्प और हैरान करने वाला तथ्य है कि 2022 की दीपावली के बाद से सोने की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों का आकलन है कि 2026 की दीपावली तक सोने के दाम और बढ़ सकते हैं, क्योंकि बड़े निवेशक और दुनिया भर के केंद्रीय बैंक सोने में लगातार निवेश कर रहे हैं। चीन का पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना सितंबर में लगातार 11वें महीने सोने का शुद्ध खरीददार रहा है। यह डॉलर पर निर्भरता कम करने की चीन की रणनीति का हिस्सा है। 2025 में अभी तक घरेलू बाजार में सोने का रिटर्न करीब 60 फीसदी रहा है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह रिटर्न करीब 53 फीसदी रहा है। गोल्ड ईटीएफ में भी इस साल अभी तक 17 फीसदी निवेश बढ़ चुका है। सितंबर में गोल्ड ईटीएफ में 1.53 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जोकि एक माह में सबसे अधिक है। मौजूदा दौर में सोना इतना महंगा और अनिवार्य हो गया है कि देशों की अर्थव्यवस्था की बुनियाद है, लेकिन आम आदमी के लिए मुसीबत, परेशानी का प्रतीक बन गया है। दरअसल सोने के दाम अमरीका से ही शुरू होते हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय कारोबार डॉलर में ही होता है। जनवरी, 2025 में जब ट्रंप ने अमरीकी राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी, तो सोना 2700 डॉलर प्रति आउंस था। उनके 8 माह के कार्यकाल में सोना महंगा ही होता गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ की बात शुरू की, तो देशों में अनिश्चितता फैलने लगी, नतीजतन सोना महंगा होता गया। देशों ने सोना खरीदना तेज किया, ताकि कमजोर होते डॉलर के विकल्प के रूप में सोने का भंडार हो। वैसे सोना पूर्व में भी महंगा और सस्ता होता आया है। 1970-80 का दौर याद कीजिए, जब सोना कई गुना महंगा हो गया था और वित्तीय सलाहकारों ने सोना खरीदने की सलाह दी थी, लेकिन 1999 तक सोने के दाम अचानक ध्वस्त हुए, तो निवेश भी घटा। 1990-91 के दौर में भारत सरकार को सोना गिरवी रखना पड़ा था, ताकि सामान्य खर्च चलाए जा सकें। फिर उदारीकरण का दौर आया, सोना वापस ले लिया गया, भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर खुल गई। आज देश में सोने का भंडार बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक के पास 880 मीट्रिक टन सोने का भंडार है। आरबीआई अपने फॉरेक्स एसेट को डाईवर्सिफाई कर रहा है ताकि डॉलर का प्रभावी विकल्प मौजूद रहे। कई अन्य देशों के केन्द्रीय बैंक यही कर रहे हैं। ऐसा करने देशों की आर्थिक स्थिरता के लिए जरूरी हो सकता है, लेकिन यही बात आम आदमी के लिए बड़ा संकट बन गयी है। शादी-ब्याह में अब सोने का उपहार देना आम आदमी के बहुत कठिन हो गया है, लेकिन फिर भी हमारे नीति-रिवाज और संस्कार ऐसे हैं कि महंगे सोने को भी खरीदना पड़ेगा क्योंकि परंपराओं को निभाना भी जरूरी है।

## विचार

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़ कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।
-संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।
-कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।
-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।
-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
-एडीसन.

# साझा हित हो भारत-यूएस रिश्तों का आधार



मनोज बाजपेयी

अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की अस्थिर विदेश नीति, हर मामले में पैर घुसाने की फितरत और नोबेल शांति पुरस्कार जीतने की महत्वाकांक्षा के कारण भारत और अमरीका के बीच बीते दो दशक से लगातार मजबूत हो रहे कूटनीतिक रिश्ते बिखरते नजर आये। ट्रंप ने बार-बार भारत के खिलाफ बयानबाजी की, ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आये और भारतीय उत्पादों पर 50 फीसद टैरिफ लगाकर उन्होंने भारत की प्रगति यात्रा को रोकने की कोशिश भी की, बीजा बाधाएं लागू कीं और दो महान लोकतंत्रों के बीच ऐसी दीवार खड़ी की जिसके लिए इतिहास उन्हें शायद ही माफ करे। लेकिन टैरिफ को हथियार की तरह इस्तेमाल करने की उनकी नीति ने दरअसल अमरीका की विश्वसनीयता को बड़ा झटका दिया है। शांति का मसीहा बनने की उनकी फितरत पर नोबेल कमेटी ने पानी फेर दिया है। टैरिफ के कारण अमरीका में मुद्रास्फीति का बड़ा संकट खड़ा हो गया है और बढ़ते कर्ज के बीच चरमराती अमरीकी अर्थव्यवस्था के संभालना ट्रंप प्रशासन के लिए भी पहेली बन गया है। ऊपर से टैरिफ वार के बीच चीन के पलटवार ने ट्रंप प्रशासन को हलकान किया है। ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण है कि क्या ट्रंप अपनी आक्रामक टैरिफ पालिसी को छोड़ेंगे या फिर 'हम तो डूबेंगे सनम, तुमको भी ले डबेंगे' की तर्ज पर अमरीकी अर्थिक प्रभुत्व का उपयोग कर वैश्विक व्यवस्था को अगले तीन सालों तक यूं की अस्त-व्यस्त करते रहेंगे। यह भी कि ट्रंप की इस सनक का भारत-अमरीकी संबंधों पर और कितना असर पड़ेगा।

> अमरीका को यह समझना होगा कि भारत केवल व्यापारिक साझेदार ही नहीं, बल्कि सामरिक, कूटनीतिक और तकनीकी सहयोगी और साझेदार भी है। वहीं भारत को भी संतुलित नीति अपनानी होगी ताकि घरेलू उद्योगों की रक्षा के साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उसकी स्थिति भी मजबूत बनी रहे।

दरअसल भारत और अमेरिका के रिश्ते दुनिया के सबसे जटिल लेकिन सबसे प्रभावशाली संबंधों में गिने जाते रहे हैं। यह रिश्ता केवल राजनीति या रक्षा समझौतों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सबसे मजबूत आधार व्यापार, तकनीक और अर्थव्यवस्था है। आज अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार 131.84 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें भारत ने 86.51 बिलियन डॉलर का निर्यात और 45.33 बिलियन डॉलर का आयात किया। यह आंकड़ा दोनों अर्थव्यवस्थाओं की गहराती परस्पर



निर्भरता का प्रतीक है। लेकिन इस सहयोगी रिश्ते में समय-समय पर टैरिफ और वीजा जैसे विवाद उभरते रहते हैं। अमेरिका का आरोप है कि भारत विदेशी उत्पादों पर ऊंचे आयात शुल्क लगाकर अमेरिकी कंपनियों के लिए बाधाएं पैदा करता है, जबकि भारत का कहना है कि यह कदम उसके घरेलू उद्योगों और आर्थिक स्वावलंबन की रक्षा के लिए आवश्यक है।

**विमर्श**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो भारत को 'टैरिफ किंग' तक कह दिया और भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक शुल्क बढ़ा दिया। इस कदम ने दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा दिया और भारतीय उद्योग जगत में चिंता की लहर दौड़ गई। टैरिफ का असर किसी भी देश के उत्पादन और निर्यात पर सीधा पड़ता है। उत्पादन लागत बढ़ती है, मुनाफा घटता है और बाजार में प्रतिस्पर्धा कम होती है। जब अमेरिका ने भारत के वस्त्र और फार्मा उत्पादों पर शुल्क बढ़ाया, तो इसका असर तुरंत शेयर बाजार पर भी देखने को मिला। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगस्त 2025 में लागू अमेरिकी टैरिफ से भारत का वस्त्र निर्यात 20 से 25 प्रतिशत तक घट सकता है। हालांकि यह भी उतना ही सच है कि भारत केवल निर्यातक नहीं, बल्कि अमेरिकी कंपनियों के लिए विशाल उपभोक्ता बाजार भी है। अमेजन, एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा, पेप्सिको, नाइक और मॅकडॉनल्ड्स जैसी कंपनियां आज भारतीय जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा बन चुकी हैं। इसलिए यदि अमेरिका भारत पर दबाव बनाता है, तो भारत भी इन कंपनियों पर नीतिगत सख्ती के जरिए संतुलन साध सकता है। यही कारण है कि यह टकराव एकतरफा नहीं, बल्कि द्विपक्षीय आर्थिक प्रभाव का मामला है। भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसकी जीडीपी 4.187 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच चुकी है। इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था को अमेरिका के लिए नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा। परंतु आर्थिक मोर्चे के साथ अब एक और बड़ा विवाद उभर आया है, एच-1बी वीजा संकट, 19 सितंबर 2025 को राष्ट्रपति ट्रंप ने एक आदेश पर हस्ताक्षर करते हुए एच-1बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी है। अब कंपनियों को किसी नए आवेदन या नवीनीकरण के लिए 100000 डॉलर यानी लगभग 88 लाख रुपये अतिरिक्त देने होंगे। पहले से ही महंगे इस वीजा की लागत इतनी बढ़ गई है कि अधिकांश आईटी कंपनियों के लिए इसको वहन करना बहुत ही कठिन हो जायेगा।.दरअसल, हर संकट अपने साथ अवसर भी लेकर आता है। टैरिफ विवाद यह सिखाता है कि किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता जोखिम भरी हो सकती है। वहीं वीजा विवाद यह संदेश देता है कि भारत को अपने ही देश में वैश्विक स्तर के अवसर और रोजगार पैदा करने होंगे। आत्मनिर्भर भारत का विचार अब केवल नारा नहीं, बल्कि एक आर्थिक अनिवार्यता बन चुका है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोगों को गर्व से कहना चाहिए कि मैं स्वदेशी खरीदता हूं। हमें मेड इन इंडिया सामान खरीदना चाहिए। इससे छोटे व्यापारियों को लाभ मिलेगा। हमें आत्मनिर्भरता के रास्ते पर चलना ही होगा। जिन चीजों का निर्माण भारत में किया जा सकता है, उसे यहीं करें। भारत और अमेरिका दोनों के लिए यह रिश्ते तोड़ने का समय नहीं है। अमेरिका को यह समझना होगा कि भारत केवल व्यापारिक साझेदार ही नहीं, बल्कि रणनीतिक और तकनीकी सहयोगी भी है। वहीं भारत को संतुलित नीति अपनानी होगी ताकि घरेलू उद्योगों की रक्षा के साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उसकी स्थिति भी मजबूत बनी रहे। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने हाल ही में उम्मीद जताई है कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक नया व्यापार समझौता हो सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों देश एक ऐसे द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे दोनों को लाभ मिले। उनका मानना है कि भारत को अपने बाजारों को और खोलना चाहिए तथा टैरिफ व अन्य गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करना चाहिए ताकि उसका मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और प्रतिस्पर्धी बन सके। सुब्रह्मण्यम ने यह भी चेताया कि यदि दोनों देशों के बीच समझौता नहीं हुआ, तो आने वाले महीनों में स्थिति कठिन हो सकती है। उनका कहना है, 'हम नुकसान में हैं, 50 प्रतिशत टैरिफ से कीमतें बहुत बढ़ जाती हैं, इससे कोई नहीं बच सकता।' फिर भी उन्होंने आशा जताई कि नवंबर तक यदि समझौता हो गया, तो किसी बड़ी अव्यवस्था से बचा जा सकेगा। वहीं, भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-कतर के बीच 2026 की तीसरी तिमाही तक एक व्यापार समझौते की घोषणा की है, जिससे भारत के कुल व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। इन समझौतों से भारत को नये बाजारों तक पहुंच और अमेरिका पर निर्भरता घटाने में मदद मिलेगी। अंततः भारत-अमेरिका संबंधों की असली बुनियाद संवाद, सहयोग और साझा हितों पर टिकी है। टैरिफ और एच-1बी विवाद हमें हमारी कमजोरियों का एहसास कराते हैं, लेकिन साथ ही आत्मनिर्भरता और विविधीकरण की राह भी दिखाते हैं।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

संपूर्ण क्रांति के अग्रदूत प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रखर समाजवादी लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी की जयंती पर उनको कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि। नीतीश कुमार.



अयोध्या में बलास्ट की वजह से पाच लोगों की मृत्यु का समाचार बेहद दुखद है, इसमें घायलों के समुचित उपचार की तत्काल व्यवस्था की जाये और मामले की जांच हो। अखिलेश यादव



लखनऊ के बंथरा क्षेत्र में किशोरी के साथ बलात्कार की घटना अति दुखद व शर्मनाक। सरकार द्वारा इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की सख्त जरूरत है। -मायावती.



# प्रकृति का उपहार

**अंतर्दृष्टि**

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके।

योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

# वे कुछ काम करते मगर...

**व्यंग्यलोक**


वे कुछ काम करते, लेकिन घुटनों में दर्द है। वे काम करते, लेकिन ठण्ड ज्यादा पड़ रही है-ठण्ड के कारण कहीं जाना-आना नहीं हो पाता। वे कमाते-खाते लेकिन गर्मी की छूप इतनी प्रचण्ड है कि निकलना ही नहीं हो पाता और इस बरसात ने तो कहीं का नहीं छोड़ा। दम ही नहीं ले रही। इस समय हमारे काम सीजन इसलिए इस ऑफ सीजन में क्या काम करें? वे दिल्ली जाकर व्यवसाय का सामान लेकर आते, लेकिन वैवाहिक सीजन के कारण रेलों-बसों में भीड़ जा रही है। हाथ-पांव टूट जायें तो घर के रहेंगे न घाट के। ये वे जुमले हैं जो नाकारा और फालतू बैठे लोगों ने कामचोरी के बहाने ढूंढ़ लिये है। डिसूजा को तो आप भी जानते होंगे, जो अपनी दूकान में बैठा मक्खी मारता रहता है, परन्तु व्यवसाय के लिए कोई सक्रिय पहल नहीं कर पाता। बात करो तो यही रोना कि ग्राहक ही पता नहीं कहां मर गये, मेरी दूकान पर तो आते ही नहीं। अरे डिसूजा दूकान में कुछ होगा, तब आयेगा न। ग्राहक तो खाली दूकान में आकर तुम्हारी तरह मक्खी थोड़े ही मारनी है। पत्नी स्कूल टीचर है, बस उसी से चल रहा है घर का खर्च। वरना डिसूजा के भरोसे तो आमरण अनशन पर बैठा जाओ। मैंने कई बार कहा भी डिसूजा इस काया को थोड़ा कष्ट दे, वरना काम कैसे चलेगा। थर्ड ग्रेड टीचर पत्नी के भरोसे कैसे होंगे आगे के कामकाज, परन्तु उसके कानों पर जूं भी नहीं रेंगती। इस कान से सुनकर उस कान से निकाल देता है। अब तो मैंने भी कहना छोड़ दिया है। क्योंकि उस पर कोई असर नहीं होता। भूल से कोई ग्राहक आ भी जाये तो उससे इतने रूखेपन से पेश आता है कि ग्राहक दुबारा न आने की कसम खा लेता है। इधर डिसूजा को मक्खी मारना बेहद पसंद है। अब आपको भयानक जी से मिलवाता हूँ। जैसा नाम वैसा ही गुण।



पूरन सरमा

वे डिजायनर हैं। ग्राहक आयेगा तो घनी मूंछो से वाक्य भी भयानक निकतले हैं। उनकी पत्नी किसी प्राइवेट कम्पनी मैं कम्प्यूटर ऑपरेटर है। डिजायन बनाने वाला समझायेगा तो वे आंख बन्द कर लेंगे। ग्राहक जब पूछेगा कि वे इसका आशय समझा क्या, तो वे आंख निकालकर कहेंगे कि यह आयडिया उनकी समझ में नहीं आया। इसलिए वे नहीं कर सकते यह काम। जबकि वे पूरे हुररमंद हैं तथा प्रोफेशनल डिजायनर है, लेकिन काम करने के आलस्य ने उनका जीवन चौपट कर रखा है। मेरी तो समझ में ही नहीं आता कि वे किराया दूकान का कैसे पे करते होंगे। आये हुये काम को धकेल देना उनकी फितरत है। मुझे मिलेंगे तो कहेंगे आज का क्लाइंट बहुत चतुर हो गये हैं। कला की वैल्यू तो समझते नहीं और कोड़ियों में काम करना चाहता है। आप अपने आसपास नजर फैलाइये, डिसूजा, भयानक जी और मधुसूदन जी बेतादाद मिल जायेंगे। ये हैं आजकल के काम करने वाले, बदमिजाज, आलसी और कामचोर बहानेबाज।

# मातृत्व भाव प्रकट करता है अहोई अष्टमी का पर्व



पर्व/त्योहार

हर व्रत-पर्व का कोई न कोई गहरा पारिवारिक, सांस्कृतिक उद्देश्य होता है। इन्हीं में से एक है अहोई अष्टमी जिसे विशेषकर माताएं अपने बच्चों की दीर्घायु, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना से अहोई व्रत करती हैं। वास्तव में अहोई अष्टमी का सीधा संबंध मां और संतान के रिश्ते से है। परंपरा है कि इस दिन माताएं सूर्योदय से लेकर रात में तारों या चंद्रमा के दर्शन तक उपवास रहती हैं और इस उपवास के दौरान वे जल तक का सेवन नहीं करतीं। शाम के समय अहोई माता की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस व्रत से संतान पर आने वाले संकट टल जाते हैं। बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना पूरी होती है। यह व्रत मातृत्व के उस भाव को भी प्रकट करता है, जिसमें मांएं अपने बच्चों के लिए किसी भी तरह का कष्ट उठाने के लिए तैयार रहती हैं।

अहोई अष्टमी का व्रत उत्तर भारत में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और पंजाब में मनाया जाता है। हालांकि अब शहरी परिवारों और प्रवासी भारतीय समुदायों में इसकी मान्यता बढ़ी है और इस टीवी व सोशल मीडिया के दौर में कई दूसरे त्योहारों की तरह यह भी अपना अखिल भारतीय रूप ले चुका है। जहां तक इस साल यानी 13 अक्टूबर 2025 को मनाये जाने वाले इस व्रत की तिथि और मुहूर्त का सवाल है तो अष्टमी तिथि जिस दिन यह व्रत किया जाता है। 13 अक्टूबर दिन सोमवार को 12 बजकर 24 मिनट से शुरू होगी और 14 अक्टूबर को सुबह 11 बजकर 9 मिनट पर समाप्त होगी। पूजा का समय शाम के लगभग 5 बजकर 59 मिनट से 7 बजकर 14 मिनट तक है। क्योंकि यह व्रत ज्यादातर जगहों में निर्जला रखा जाता है यानी इसमें व्रती को जल पीने का भी नियम नहीं है। जिस कारण यह काफी कठिन व्रत समझा जाता है। उपवास तोड़ने का समय स्नान करके तारों के दर्शन करने के बाद का होता है। कुछ जगहों पर चंद्र दर्शन के बाद भी व्रत तोड़ा जाता है। जहां तक इस व्रत के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व की बात है तो अहोई अष्टमी का व्रत जैसा कि हमने ऊपर भी बताया है कि मांएं अपने बच्चों के स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए रखती हैं। इस व्रत के पीछे जो कथा है उसके मुताबिक एक साहूकार की सात संतानें थीं, लेकिन अहोई अष्टमी व्रत से लगभग 8 दिन पहले घर की सफाई और निर्माण कार्य में लगी उसकी पत्नी जब जंगल मिट्टी लेने गई, उसकी एक गलती से सियाह के बच्चों की मौत हो गई। इस कारण उस सियाह ने श्राप दे दिया कि जिसने उसके बच्चों को मारा है, उसके भी सारे बच्चे मर जाएं। इस श्राप के कारण साहूकार की संतानें एक एक करके मरने लगीं। इस पर अंततः उस साहूकार की पत्नी ने अहोई मां की उपासना आरंभ की और उन्हीं के वरदान से अपनी संतानें वापस पायीं। इस कथा की सीख है कि किसी भी जीव जंतु को हानि नहीं पहुंचानी चाहिए।

यह व्रत धैर्य और अपनी इच्छा शक्ति को नियंत्रित करने की हमारी क्षमता का विकास करता है। जहां तक अहोई अष्टमी की पूजा की विधि का सवाल है तो घर की किसी दीवार या पूजा वाले स्थान पर अहोई मां की चित्राकृति बनायी जाती है, जिसमें आठ पोषक और सेह या सियाह का चित्र होता है। संध्या के समय अहोई माता की पूजा की जाती है और कथा सुनी जाती है। इस पूजा में पूरी, हलवा तथा अन्य पकवान बनाये जाते हैं और अर्घ्य दिया जाता है। अंत में माताएं तारों या चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं। अहोई अष्टमी केवल धार्मिक व्रत या पर्व नहीं है बल्कि मातृत्व की निःस्वार्थ भावना का उत्सव है। इसमें यह संदेश भी निहित है कि संतान खुशहाली ही सबसे बड़ी पूंजी है। यह त्योहार समाज में पारंपरिक एकता, सहयोग को भी सदृढ़ करता है। अहोई अष्टमी के दिन कई तरह के अन्य विशिष्ट अनुष्ठान भी किये जाते हैं और यह संकल्प लिया जाता है कि यह व्रत मैं अपने बच्चों की रक्षा और दीर्घायु के लिए रखूंगी। पूजास्थल पर अहोई माता की चित्राकृति बनाकर अहोई व्रत की कथा सुनी जाती है और अहोई मां का गुणगान किया जाता है। इस दिन मिट्टी का करवा लेकर उसमें जल भरा जाता है, फिर उसके मुंह को मिट्टी या घास से बंद कर दिया जाता है। यह व्रत का एक महत्वपूर्ण प्रतीक होता है। पूजा का समय शाम से चांद के उदय तक या तारों के पूरी तरह से उगने के बाद शुरू होता है। अहोई अष्टमी की पूजा के लिए आठ पूरी और पुआ (फेटी हुई मीठी रोटी) हलवा आदि बनाये जाते हैं। इन्हें अष्ट (आठ) की संख्या में देवी को अर्पित करके किसी वृद्ध महिला या ब्राह्मण को भेंट की जाती है। इसके बाद अर्पित प्रसाद स्वयं ग्रहण किया जाता है।

## आप की बात

### श्रमिकों का दशा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। ह की पेंशन या सामाजिक सुरक्षा का सहारा नहीं मिलता है। किसी भी समाज में सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से यह जरूरी है कि सरकार एक व्यापक पेंशन आधारित समाज का निर्माण करना चाहती। श्रम योगी मानधन, किसान मानधन, कर्मयोगी मानधन जैसी योजनाओं के जरिए सरकार उन लोगों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने का प्रयास कर रही है जो किसी संगठित योजना के दायरे में नहीं हैं। यह अच्छी पहल है लेकिन इससे सबको जोड़ना चाहिए।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### शहरों में बढ़ेगा प्रदूषण

शहरों में मानसून खत्म होने के बाद प्रदूषण बढ़ने लगता है और दिवाली तक स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि सांस लेना दूभर हो जाता है। शहरों में अधिक वायु प्रदूषण के कारण बुजुर्गों का सांस लेना दूभर हो जाता है। बच्चे, युवा और कामगार वर्ग दूषित हवा से बीमार पड़ने लगते हैं। अस्पतालों में मरीजों का तांता लग जाता है और स्कूल से लेकर निर्माण गतिविधियों तक पर पाबंदी लगा दी जाती है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है इसलिए इसकी चर्चा कुछ अधिक होती है लेकिन अगर दिल्ली से इतर अन्य शहरों की बात करें, तो उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में अक्टूबर से फरवरी तक, तीन-चार महीनों तक सांस लेना दूभर हो जाता है। इससे सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं, लोग खांसी, गले की खरास, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, एंजाइटी आदि की गिरफ्त में हैं और सबसे गंभीर बात यह है कि अत्यधिक वायु प्रदूषण के कारण लोगों की जीवन प्रत्याशा कम हो गयी है। दिल्ली में लोगों की जिंदगी 12 वर्ष कम हो गयी है, तो उत्तर भारत के तमाम अन्य शहरों में भी प्रदूषण के कारण लोगों का स्वास्थ्य और उम्र प्रभावित हो रहा है। इस गंभीर संकट पर भी अगर देश में जमकर राजनीति होती है, तो यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि देश की राजनीति अब जनहित के बजाय जनप्रिय हो गयी है। और एक बात सबको दिमाग में बैठा लेना चाहिए कि लोकप्रिय राजनीति हमेशा लोकहित की राजनीति नहीं होती है। कहा जाता है कि अच्छी बात प्रायः कड़वी होती है। इसी तरह सरकार के अच्छे फैसले प्रायः शुरूआत में तकलीफ देते हैं लेकिन लंबे समय में यह व्यापक जनहित के वाहक बनते हैं। आज अगर दिल्ली से लेकर पटना तक, हवा खराब होती है। शहरों में धुंआ और धूल का जहरीला मिश्रण सीधे हमारे फेफड़े तक पहुंच रहा है, तो इसके लिए कहीं न कहीं लोकहित की राजनीति से सियासत का मुंह मोड़ना और हर वक्त चुनावी फायदे के लिए लोकप्रिय राजनीति में धंसे रहना है। इससे बचने की जरूरत है। देश को भी यह समझना चाहिए कि अगर सरकारों को छोटे-छोटे लाभ में उलझाये रखेंगे तो भी वे परिवर्तनकारी फैसले नहीं ले पायेंगे।

**चन्द्र प्रकाश वर्मा, लखनऊ.**

## संक्षेप

### विकसित भारत के लिए सफेदपोश अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी

नई दिल्ली। देश के दो पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, न्यायमूर्ति यू. यू. ललित और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, ने भारत की आर्थिक ईमानदारी को बनाये रखने और विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने के लिए सफेदपोश अपराधों के विरुद्ध एकजुट और ठोस कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया है। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम द्वारा आयोजित टीपीएफ दायित्वः नेशनल लीगल कॉन्फ्रेंस ऑन कॉम्बैटिंग व्हाइट कॉलर क्राइम को संबोधित करते हुए दोनों न्यायविदों ने संस्थागत सुधार, कानूनी सामंजस्य और नैतिक पुनर्निर्माण की जरूरत पर जोर दिया, ताकि संस्थाओं में जनता का विश्वास फिर से बहाल किया जा सके। सम्मेलन में व्हाइट कॉलर क्राइम पर नियंत्रण हेतु 10 सूत्रीय चार्टर भी जारी किया गया, जिसमें नीतिगत, संस्थागत और नैतिक उपायों का उल्लेख किया गया है। इस चार्टर का उद्देश्य पारदर्शिता को सशक्त बनाना, प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाना और पेशेवर जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

### 90 प्रतिशत भारतीय प्रमाणित इलाज पर ज्यादा खर्च करने को तैयार

नयी दिल्ली। भारत में करीब 83 प्रतिशत मरीज अपने स्वास्थ्य देखभाल विकल्पों के लिए सटीक और सुलभ जानकारी चाहते हैं। दूसरी ओर करीब 90 प्रतिशत प्रमाणित गुणवत्ता वाले इलाज के लिए ज्यादा खर्च करने को तैयार है। फिक्की और ईवाई-पार्थेनन की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत की स्वास्थ्य सेवाएं वैश्विक स्तर पर बहुत अच्छी हैं, लेकिन संरचनात्मक और वित्तीय दबाव यह संकेत देते हैं कि एक राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक ढांचा तैयार किया जाना आवश्यक है, जिससे मरीज सूचित निर्णय ले सकें। इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए 40 शहरों के 250 अस्पतालों पर शोध किया गया।

### एसयूडी लाइफ निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स फंड लॉन्च


आजमगढ़। स्टार यूनियन दाइ-इची लाइफ इंश्योरेंस ने एसयूडी लाइफ निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की है – यह एक नया फंड ऑफरहै जो निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स को ट्रैक करता है। यह एक स्मार्ट बीटा बेंचमार्क है, जिसे भारत के सबसे लगातार बेहतर प्रदर्शन करने वाले शेयरों की पहचान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह नया फंड ऑफर 6 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2025 तक खुला रहेगा। यह इंडेक्स भारत की सबसे बड़ी और सर्वाधिक लिक्विड कंपनियों के शीर्ष 50 शेयरों से बना है, जिन्हें उनके अल्फा के आधार पर चुना गया है यानी किसी शेयर की यह क्षमता कि वह जोखिम-समायोजित आधार पर व्यापक बाजार से बेहतर प्रदर्शन कर सके।

### यात्रा सेवाओं की मांग में जबर्दस्त उछाल

नयी दिल्ली। दिवाली के लंबे सप्ताहांत से पहले इस त्योहारी मौसम में आतिथ्य और यात्रा सेवा प्रदाताओं की मांग में जबर्दस्त वृद्धि देखी जा रही है। शहरी और मनोरंजन स्थलों के लिए अच्छी बुकिंग दर्ज की गई है, और इंटरसिटी बस सेवाओं में बुकिंग का स्तर 95-100 प्रतिशत तक पहुंच गया है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार मध्यम स्तर के होटल और मध्यम बाजार के घरेलू ग्राहकों के लिए एक प्रमुख प्रेरक के रूप में कार्य कर रहा है, जिससे यात्रियों के लिए कम प्रसिद्ध स्थलों की खोज करना आसान हो गया है। शुरुआती रुझानों से पता चलता है कि होटल में बुकिंग बढ़ी है।

### होम मेकओवर कैम्पेन में नजर आयेंगी दीपिका

मुंबई। एशियन पेंट्स, अपने लग्जरी ब्रांड रॉयल ग्लिट्ज को प्रीमियम वॉल फि निश से अब एक संपूर्ण होम डेकॉर के तौर पर उभार रही है। यह जर्नी हो उठती है जब ब्रांड एंबेसडर दीपिका पादुकोण एक नए कैम्पेन में नजर आती हैं और इसी के साथ वह पर्दे पर अपनी वापसी भी कर रही हैं, जिसका लोग लंबे अरसे से इंतजार कर रहे थे। यह अभियान उन सामान्य पेंट की श्रेणियों से कहीं आगे है। यह अभियान दिखाता है कि कैसे दीवार की फि निश सभी तरह के डिजाइन विकल्पों को प्रभावित कर सकती है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण हैं। जैसे-जैसे वह रॉयल ग्लिट्ज के रंगों और टेक्सचर के साथ जुड़ती हैं, दीवारें जीवंत हो उठती हैं, वो भी सिर्फ.एक सतह के रूप में नहीं, बल्कि ऐसा लगता है वो बोल उठी हों और उनके पर्सनल स्टाइल को अभिव्यक्त कर रही हों।



# कंपनियों की पूंजी 1.94 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से I,94,148.73 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स I,293.65 अंक या 1.59 प्रतिशत चढ़ गया।

सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 45,678.35 करोड़ रुपये बढ़कर 10,95,701.62 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 28,125.29 करोड़ रुपये बढ़कर 6,29,080.22 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 25,135.62 करोड़ रुपये बढ़कर 15,07,025.19 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 25,089.27 करोड़ रुपये बढ़कर 11,05,980.35 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 25,035.08 करोड़ रुपये बढ़कर 18,70,120.06 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 21,187.56 करोड़ रुपये बढ़कर 6,36,995.74 करोड़ रुपये पर और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 12,645.94 करोड़ रुपये बढ़कर 8,12,986.64 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 11,251.62 करोड़ रुपये बढ़कर 9,86,367.47 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के उलट एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 4,648.88 करोड़ रुपये घटकर 5,67,858.29 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 3,571.37 करोड़ रुपये घटकर 5,94,235.13 करोड़ रुपये रहा।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

## अमेरिका-चीन शुल्क तनाव, महंगाई के आंकड़े इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा




नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिका और चीन के बीच नए शुल्क तनाव, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों और एचसीएल टेक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा, वैश्विक बाजार के रुझान और भू-राजनीतिक घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को दिशा देंगे। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, इस सप्ताह बाजार की दिशा घरेलू संकेतकों, वैश्विक व्यापक आर्थिक रुझानों और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर निर्भर करेगी। अमेरिका-चीन शुल्क युद्ध के नए सिरे से बढ़ने, जिसकी वजह से शुक्रवार को वॉल-स्ट्रीट पर भारी बिकवाली देखने को मिली, से वैश्विक जोखिम लेने की धारणा कम होने की संभावना है। व्यापार तनाव की वजह से डॉलर का बहिर्वाह बढ़ सकता है, जिससे उभरते बाजारों के शेयरों और मुद्राओं पर और दबाव बढ़ सकता है।

शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बड़े गिरावट के साथ बंद हुए। नैस्डैक कंपोजिट में 3.56 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एसएंडपी 500 में 2.71 प्रतिशत और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.90 प्रतिशत की गिरावट आई। यह सप्ताह घटनाक्रमों से भरा रहेगा। सप्ताह के दौरान प्रमुख घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों और कंपनियों के वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे आएंगे। आंकड़ों के मोर्चे पर, सरकार 13 अक्टूबर को सितंबर के लिए खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) के आंकड़े जारी करेगी, उसके बाद 14 अक्टूबर को थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े आएंगे।

## भारत के सबसे बड़े स्मेल्टर से पहली धातु का उत्पादन

नई दिल्ली। वेदांता एल्युमीनियम की इकाई भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) ने देश के सबसे बड़े 525 किलो एम्पीयर (केए) स्मेल्टर से पहली धातु का उत्पादन करके भारत के एल्युमीनियम क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने यह जानकारी दी।

कंपनी ने बयान में कहा कि यह सफलता बाल्को की मौजूदा 10 लाख टन सालाना विस्तार परियोजना के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही यह एल्युमीनियम प्रगलन प्रौद्योगिकी में एक नया राष्ट्रीय मानक स्थापित करती है। बाल्को संयंत्र छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित है। बयान में कहा गया कि 525 केए प्रगालक तकनीकी प्रगति में एक बड़ी छलांग का प्रतिनिधित्व करता है, जिसने 378 केए के पिछले भारतीय मानक को पीछे छोड़ दिया है। बयान में कहा गया कि यह उपलब्धि भारत की एल्युमीनियम आत्मनिर्भरता और औद्योगिक विकास को गति देने में बाल्को की भूमिका को रेखांकित करती है। इस नई क्षमता के चालू होने के साथ बाल्को की कुल एल्युमीनियम उत्पादन क्षमता 10 लाख टन प्रति वर्ष तक पहुंच जाएगी, जिससे कंपनी मिलियन टन क्लब के चुनिंदा वैश्विक उत्पादकों में शामिल हो जाएगी। इस विस्तार के साथ बाल्को भारत के कुल एल्युमीनियम उत्पादन में 20 प्रतिशत से अधिक का योगदान देगी।

## निवेश को बढ़ावा देगा भारत-ब्रिटेन



नयी दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता देश के निर्यात को बढ़ावा देने और ब्रिटेन से निवेश आकर्षित करने में मदद करेगा। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है।

वृहद आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर 24 जुलाई को हस्ताक्षर किए गए थे और इसके अगले सालगू होने की संभावना है। डेलॉयट इंडिया के भागीदार गुलजार डिडवानिया ने कहा कि सीईटीए पर हस्ताक्षर से निर्यात को बढ़ावा मिलने, निवेश आकर्षित करने और कपड़ा, वाहन कलपुर्जा, जूते-चप्पल और फार्मास्युटिकल्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लगभग 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिलने से भारत को लाभ होगा। उन्होंने कहा, समझौते का एक प्रमुख आकर्षण सेवा क्षेत्र भी है, जहां यह ब्रिटेन के बाजार में भारतीय आईटी, वित्तीय, स्वास्थ्य सेवा और पेशेवर सेवा प्रदाताओं के लिए व्यापक अवसर खोलेगा। इ स ा क े अतिरिक्त, डिडवानिया ने कहा कि यह समझौता कुशल पेशेवरों की सुगम आवाजाही को सुगम बनाएगा, प्रतिभाओं की पारस्परिक मान्यता को बढ़ावा देगा और शिक्षा, नवोन्मेषण और अनुसंधान में सहयोग को मजबूत करेगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि यह समझौता 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने में मदद करेगा। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रमुख क्षेत्रों, खासकर एमएसएमई और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए अभूतपूर्व अवसर खोलता है। यह न केवल शुल्क कम करता है, बल्कि सेवाओं और निवेश के लिए नियामकीय बाधाओं को भी कम करता है।

## पर्यटन क्षेत्र के सालाना 25 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

भोपाल। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 20 लाख करोड़ रुपये का योगदान देता है और इसके सालाना 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने शनिवार को मध्य प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित एमपी ट्रैवल मार्ट को संबोधित करते हुए कहा कि इस बदलाव के मूल में यह विश्वास निहित है कि पर्यटन एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है, न कि एक सहायक उद्योग। शेखावत ने कहा, पर्यटन अब हमारे राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देता है। यह 8.4 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करता है। उन्होंने कहा, भारत में पिछले साल 2.20 करोड़ पर्यटक आए और घरेलू यात्रियों ने 2.94 अरब यात्राएं कीं। भारत में पर्यटन क्षेत्र के सालाना 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने का अनुमान है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि ये आंकड़े एक सशक्तीकरण की कहानी बयां करते हैं। उन्होंने कहा, कारीगरों को नए बाजार मिल रहे हैं, परिवार होम-स्टे चला रहे हैं, महिला उद्यमी इको-रिट्रीट बना रही हैं, स्थानीय युवा आत्मविश्वासी गाइड और मेजबान बन रहे हैं। इस बदलाव के मूल में यह विश्वास है कि पर्यटन एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है।

# तेल-तिलहन में सट्टेबाजी से पाम-पामोलिन में सुधार



नयी दिल्ली। बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार में मांग बढ़ने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन तथा संभावित सट्टेबाजी की वजह से दाम ऊंचा लगाये जाने के कारण पाम-पामोलीन के दाम में मजबूती रही। वही, ऊंचा दाम होने से मांग प्रभावित रहने के कारण सरसों तेल-तिलहन, डी-आयल्ड केक (डीओसी) की निर्यात मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन तथा आवक बढ़ने के बीच बिनौला तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। त्योहारी मांग के कारण सोयाबीन दिल्ली तेल के दाम में मामूली सुधार आया।

बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह सरसों के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। सरसों के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक चल रहे हैं। सरकार के अलावा स्टॉकिस्ट और किसानों के पास भी सरसों का स्टॉक है। सरसों का दाम ऊंचा रहने की वजह से इस त्योहारी मौसम में भी मांग अपेक्षा के अनुकूल नहीं दिख रही। इस मौसम के दौरान वैसे भी देश में रिफाइंड तेल की मांग कहीं अधिक रहती है। मांग प्रभावित होने से बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में नई तिलहन फसल के बढ़े हुए एमएसपी लागू हो चुके हैं लेकिन इसके बावजूद विशेषकर सूरजमुखी, सोयाबीन, मूंगफली, कपास (से निकलने वाले बिनौला तिलहन) आदि फसलों के हाजिर दाम एमएसपी से काफी नीचे चल रहे हैं। विशेषकर सोयाबीन को लें, तो उससे तेल बहुत कम निकलता है बल्कि इसका असली खेल, इससे निकलने वाले लगभग 82 प्रतिशत डीओसी का होता है। अब डीओसी का देश या विदेश में बाजार होगा, डीओसी की मांग होगी तभी सोयाबीन किसानों को फायदा उठाने का मौका मिल सकता है। लेकिन डीओसी की मांग कमजोर रहने से बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन में गिरावट देखी गई। उन्होंने कहा कि त्योहारों की मांग की वजह से सोयाबीन दिल्ली तेल के दाम में मामूली सुधार रहा जबकि सोयाबीन इंदौर और आयात होने वाले सोयाबीन डीगम तेल के दाम स्थिर बने रहे। सूत्रों ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में अच्छी गुणवत्ता वाले मूंगफली के साथ-साथ मूंगफली तेल की मांग बढ़ी है। इस वजह से बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार आया। लेकिन वास्तविकता यह है कि मूंगफली के हाजिर दाम एमएसपी से 15-18 प्रतिशत नीचे चल रहे हैं। संभावित सट्टेबाजी और बिचौलियों द्वारा तेजी का माहौल बनाने के कारण पाम-पामोलीन तेल कीमतों में अप्राकृतिक तेजी है। जबकि सचाई यह है कि जाड़े में पाम-पामोलीन की मांग घटती है।

## ओएनजीसी के पास अपने मूल्यांकन से एक-तिहाई संपत्ति



नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) का मूल्य लगभग 3.10 लाख करोड़ रुपये है और इस लिहाज से यह अब खाद्य वितरण कंपनी जोमैटो से पीछे है।

ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि ओएनजीसी की अनुषंगी कंपनियों और अन्य निवेश में हिस्सेदारी इसके बाजार पूंजीकरण के एक तिहाई से अधिक है। इससे पता चलता है कि भारत की सबसे बड़ी तेल और गैस उत्पादक कंपनी का मूल्यांकन शायद कम किया गया है। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को कारोबार बंद होने पर ओएनजीसी का बाजार मूल्यांकन 3.097 लाख करोड़ रुपये था। यह आंकड़ा इटर्नल लिमिटेड (जिसे पहले जोमैटो के नाम से जाना जाता था) के 3.36 लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन से कम है। साथ ही हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (3.23 लाख करोड़ रुपये) और टाइटन कंपनी (3.13 लाख करोड़ रुपये) का मूल्यांकन भी ओएनजीसी से ज्यादा है। ओएनजीसी 2012 में 2.44 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी थी। उस समय यह आईटी कंपनी टीसीएस और ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज से आगे थी। पिछले 13 वर्षों में ओएनजीसी का बाजार पूंजीकरण केवल 26 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि अन्य सूचीबद्ध कंपनियों ने भारी उछाल देखा है। रिलायंस का मूल्यांकन जुलाई, 2012 के 2.43 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर शुक्रवार को 18.7 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसी तरह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण जुलाई, 2012 के 2.42 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर अब 10.95 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

पेज एक का शेष

### मेक्सिको में

की समस्या का सामना करना पड़ा। मेक्सिको सिटी के पूर्व में स्थित पुएब्ला राज्य में कम से कम नौ लोग मारे गए और 16,000 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए। वेराक्रूज राज्य में 15 लोगों की मौत हुई है जहां थल सेना एवं नौसेना भूस्खलन और बाढ़ के कारण अलग-थलग पड़े 42 समुदायों के निवासियों को बचाने में मदद कर रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मी पूरे क्षेत्र में 27 लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। खाड़ी तट पर स्थित वेराक्रूज राज्य की 55 नगरपालिकाओं में 16,000 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इससे पहले, मध्य क्वेरेटारो राज्य में भूस्खलन के कारण एक बच्चे की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण बिजली गुल होने से देश भर में 3,20,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने इस भीषण बारिश के लिए मेक्सिको के पश्चिमी तट पर आए उष्णकटिबंधीय तूफानों प्रिसिला और रेमंड को जिम्मेदार ठहराया है।

### बिहार चुनावः

वितरण पूर्ण किया, जो कि इस प्रकार है। भाजपा101 सीट, जदयू 101 सीट, लोजपा (रामविलास) 29 सीट, रालोमो 06 सीट, हम की 06 सीट है। उन्होंने आगे लिखा, एनडीए के सभी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का खुशी से स्वागत किया है। सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं।

सहयोगियों की प्रतिक्रिया

लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर कहा, एनडीए परिवार ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीटों का बंटवारा पूरा किया है। बिहार है तैयार- फिर से एनडीए सरकार। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीट बंटवारे में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को एनडीए की ओर से 6 सीटें दी गई हैं। इस पर पार्टी प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने संयमित प्रतिक्रिया दी है। मांझी ने कहा कि संसद में हमें सिर्फ एक सीट मिली थी, तब भी हमने कोई नाराजगी नहीं जताई थी। अब अगर बिहार विधानसभा चुनाव में हमें छह सीटें मिली हैं, तो ये हाईकमान का फैसला है और हमें स्वीकार है। उन्होंने आगे कहा कि हमें जितना दिया गया है, हम उसमें संतुष्ट हैं। हमें किसी से कोई शिकायत नहीं है।

### गोमती सांस्कृतिक

पहचान कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए, ताकि गोमती के तटों पर स्वच्छता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने कहा कि मिशन का दायरा पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती नदी के संपूर्ण प्रवाह क्षेत्र को कवर करेगा, जिससे गोमती अपने पूरे विस्तार में स्वच्छ, अविरल और निर्मल रूप पुनः प्राप्त कर सके।

मुख्यमंत्री ने मिशन के अंतर्गत नगरीय सीवेज का 95 प्रतिशत से अधिक अवरोधन, नदी प्रदूषण को न्यूनतम स्तर तक लाना और नदी तटीय पारिस्थितिकी का पुनरुद्धार का लक्ष्य निर्धारित किया। बैठक में यह जानकारी दी गई कि गोमती में गिरने वाले 39 प्रमुख नालों में से 13 अब भी बिना उपचारित हैं। वर्तमान में छह एसटीपी 605 एमएलडी की कुल क्षमता के साथ संचालित हैं। इन्हें पूर्ण रूप से प्रभावी बनाने हेतु नालों को एसटीपी तक मोड़ने, नए संयंत्र स्थापित करने और पुराने संयंत्रों के उन्नयन की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मिशन केवल प्रदूषण नियंत्रण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नदी के जैविक, सांस्कृतिक और सौंदर्यात्मक पुनर्जीवन का माध्यम बनेगा। कार्ययोजना के अंतर्गत लखनऊ में इकाना वेटलैंड और साजन झील जैसे नए वेटलैंड विकसित किए जाएंगे। नदी किनारे के अवैध अतिक्रमणों को हटाने, घाटों के सौंदर्यीकरण, और तटीय हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लागू किया जाएगा, क्योंकि सीवर सिस्टम को चोक करने और प्रदूषण बढ़ाने में इसकी बड़ी भूमिका है।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत इसी वर्ष जनवरी में गठित गोमती टास्क फोर्स में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के परियोजना निदेशक, सिंचाई विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम, लखनऊ नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण तथा अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ विशेषज्ञों को भी शामिल किया गया है। इनमें बीबीएयू लखनऊ के प्रो. (डा.) वेंकटेश दत्ता और अतुल्य गंगा ट्रस्ट के सह-संस्थापक ले. कर्नल देवेंद्र चौधरी (सेवानिवृत्त) प्रमुख रूप से सम्मिलित हैं। यह टास्क फोर्स शासन और समाज के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य कर रही है। बैठक में बताया गया कि गोमती टास्क फोर्स द्वारा अब तक नदी तटों पर पैदल और नौका गश्त, एक हजार टन से अधिक जलकुंभी की सफाई, नालों का सर्वेक्षण कर प्रदूषण स्रोतों की पहचान, तथा 100 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से 70,000 से ज्यादा नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। नदी योग अभियान के अंतर्गत 21 अप्रैल से 21 जून 2025 तक पांच प्रमुख घाटों पर प्रतिदिन योग, घाट-सफाई और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें 50,000 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया और 300 टन से अधिक जलकुंभी हटाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोमती का जल जीवन का आधार है, और इसे स्वच्छ, अविरल तथा निर्मल बनाए रखना उत्तर प्रदेश की नैतिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टास्क फोर्स की मासिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित हों, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाए और हर स्तर पर पारदर्शिता व जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि गोमती पुनर्जीवन मिशन के लिए आवश्यक संसाधनों; जैसे ट्रैक बोट, फ्लोटिंग बैरियर, एक्सकेवेटर और अन्य उपकरण की उपलब्धता में सरकार किसी प्रकार की कमी नहीं रहने देगी।

उन्होंने कहा कि यह मिशन केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता की सहभागिता से संचालित एक संकल्प यात्रा बनेगा। इसके लिए जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में शैक्षणिक व अन्य सामाजिक संस्थानों की सक्रिय भागीदारी से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि यह मिशन एक जनांदोलन का स्वरूप ग्रहण कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समाज और शासन साथ कदम बढ़ाएंगे, तभी गोमती अपनी स्वाभाविक निर्मलता और जीवनदायिनी धारा पुनः प्राप्त कर सकेगी।

### अयोध्या में

के लिए 20 वर्षों के लिए भूमि नगर निगम ने ही उपलब्ध करायी है। लीज अवधि में रखरखाव आदि की जिम्मेदारी कंपनी की ही होगी। दर्शकों के लिए शुल्क नगर निगम को तय करना है। आय का 88 प्रतिशत कंपनी लेगी एवं 12 प्रतिशत नगर निगम को मिलेगा। करीब 10 करोड़ की वैक्स म्यूजियम में संपूर्ण निवेश कंपनी का है। रामायण वैक्स म्यूजियम में रामायण काल के पात्रों के अलावा अन्य की मूर्ति भी लगाने का प्रयास है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहमति के बाद ही संभव होगा। सेलिब्रिटी में महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम, श्रीश्रीश्री रविशंकर व केरल के श्रीनारायण गुरु समेत अन्य कई नाम हैं।

### ज्ञान और

अनुभवों को आधुनिक वैज्ञानिक विधियों के साथ जोड़ने से किसानों की उत्पादकता और आय दोनों में वृद्धि होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस दिशा में राज्य के प्रयास उत्तराखंड की कृषि व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार किसानों की सुविधा और समृद्धि के लिए लगातार नई योजनाएं ला रही है। हाल ही में 24 हजार करोड़ रुपये की ह्लपीएम धन धान्य कृषि योजनाह्व और 11,500 करोड़ रुपये की ह्लदलहन उत्पादकता मिशनह्व शुरू की गई हैं, जिनसे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठा रही है। प्रदेश में तीन लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। फार्म मशीनरी बैंक योजना के अंतर्गत किसानों को 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। सिंचाई के लिए नहरों का उपयोग पूरी तरह निशुल्क कर दिया गया है और पॉलीहाउस निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत अब तक 350 से अधिक पॉलीहाउस स्थापित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि किसानों को गेहूं पर 20 रुपये प्रति क्विंटल बोनस तथा गन्ने के मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि दी गई है। साथ ही, पहाड़ी इलाकों में वर्षा आधारित खेती को सशक्त बनाने के लिए 1,000 करोड़ रुपये की लागत से ह्लउत्तराखंड क्लाइमेट रिस्पॉन्सिव रेन-फेड फार्मिंग प्रोजेक्टह्व को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे पारंपरिक खेती प्रणालियों पर भी गहन शोध करें और अपने नवाचारों को तेजी से किसानों तक पहुँचाएँ, ताकि यह वैज्ञानिक ज्ञान उनकी आय वृद्धि और उत्पादन क्षमता बढ़ाने का माध्यम बन सके। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल कृषि चर्चा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें राज्य के नकल विरोधी कानून और समान नागरिक संहिता (वउउ) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सार्थक संवाद किया जा रहा है। इस अवसर पर छात्राओं पूजा जोशी, नीति शर्मा और निधि अवस्थी ने क्रमशः समान नागरिक संहिता, किसान मेले की प्रगति और नकल विरोधी कानून पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि स्मृद्धि किसान उत्पादक संगठन की सीमा रानी ने अपने सफल अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि इस वर्ष के मेले में 507 स्टॉल लगाए गए हैं और अब तक लगभग 20 हजार किसान इसमें शामिल हो चुके हैं।

### अफगानिस्तान ने

अभियान रोक दिया गया। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सीमा चौकियों पर तालिबान के हमलों को अकारण बताया और उन पर आम नागरिकों पर गोलीबारी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अफगान बलों ने नागरिक आबादी को निशाना बनाकर गोलीबारी की, जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। पाकिस्तान के जांबाज सुरक्षा बलों ने त्वरित और असरदार जवाब दिया है और किसी भी उकसावे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान की सेनाएं सतर्क हैं और अफगानिस्तान को ईंट का जवाब पत्थर से दिया जा रहा है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान की ओर से कथित तौर पर अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल करते हुए बार-बार आतंकवादी हमले करने के बाद दोनों पड़ोसियों के बीच स्थिति बिगड़ गई, जिसमें पिछले हफ्ते अशांत खैबर पख्तूनख्वा के ओरकजई जिले में हुआ एक हमला भी शामिल है। उस हमले में एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर समेत 11 सैन्यकर्मियों की जान चली गई थी। अफगानिस्तान की राजधानी से बृहस्पतिवार रात को विस्फोटों की खबरें मिलीं। अफगानिस्तान ने इन हमलों के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया, हालांकि पाकिस्तानी सेना ने इसपर कोई जवाब नहीं दिया। माना जा रहा है कि काबुल में हमलों के बाद अफगान सुरक्षा बलों ने शनिवार रात पाकिस्तान को निशाना बनाकर हमले किए। सरकारी मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान ने रविवार तड़के जवाबी कार्वाई करते हुए कई सीमावर्ती इलाकों पर हमला किया गया और सीमा चौकियों को नष्ट कर दिया गया। इस घटनाक्रम पर पाकिस्तानी सेना की ओर से कोई आधिकारिक बयान या टिप्पणी नहीं आई है। हालांकि, सुरक्षा सूत्रों ने पुष्टि की कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात पाकिस्तानी बलों ने कई अफगान सीमा चौकियों को निशाना बनाया।




# भारत ने 217 रन तक आठ विकेट चटकाये

## टेस्ट : कुलदीप ने वेस्टइंडीज के मध्यक्रम को झकझोरा, टीम को पारी की हार से बचने के लिए अभी और 97 रन की जरूरत

एजेंसी





नयी दिल्ली। कुलदीप यादव (72 रन पर चार विकेट) ने अपनी फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज के मध्यक्रम को झकझोर दिया जिससे भारत ने दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को यहां लंच तक पहली पारी में वेस्टइंडीज के 217 रन तक आठ विकेट चटका दिये। वेस्टइंडीज दो विकेट शेष रहते भारत से अब भी 301 रन पीछे है। लंच के बाद वेस्टइंडीज के निचले क्रम के बल्लेबाज अगर कुछ खास नहीं कर पाये तो भारत के फॉलोऑन थोपने की पूरी संभावना है। रवींद्र जडेजा (46 रन पर तीन विकेट) ने मैच के दूसरे दिन वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को चलता किया जो वही कुलदीप ने तीसरे दिन की शुरुआत में ही अपनी शानदार गेंद पर शाई होप (36) को बोल्ड किया। होप ने कुलदीप की गेंद को टर्न के लिए रक्षात्मक तरीके से खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद सीधी रहते हुए विकेटों से जा टकराई।

इस वामहस्त गेंदबाज ने इसके बाद बीते दिन के दूसरे नाबाद बल्लेबाज टेविन इमलाच (21) को पगबाधा कर भारत को दिन की दूसरी सफलता दिलाई। इमलाच ने मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ रिव्यू लेकिन रिप्ले में गेंद विकेटों से टकराती हुए दिखी। जस्टिन ग्रीव्स (17) ने क्रीज पर आते ही आक्रामक रुख अपनाते हुए तीन चौके लगाये लेकिन रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में कुलदीप की गेंद पर पगबाधा हो गये। जोमेल वारिकन मैच में सिराज का पहला शिकार बने। गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेते हुए विकेटों से टकरा गयी। वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 140 रन से आगे से की। होप और इमलाच को शुरुआती ओवरों में बुमराह के खिलाफ कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने इस दौरान कुलदीप का भी आत्मविश्वास के साथ सामना किया। कुलदीप हालांकि होप को बोल्ड करने के बाद पूरी तरह से हावी हो गये और वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 175 रन हो गया। लंच के लिए खेल रोके जाते समय खारे पियरे और एंडरसन फिलिप्स 19-19 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। दोनों ने नौवें विकेट के लिए अब तक 42 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और शाई होप के अर्धशतकों के साथ दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी के दम पर वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच को चौथे दिन खींचने में सफल रही।

वेस्टइंडीज फालोऑन मिलने के बाद रविवार को तीसरे दिन स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 173 रन बना लिये। टीम को पारी की हार से बचने के लिए अभी और 97 बनाने होंगे। स्टंप्स के समय कैंपबेल 87 और होप 66 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच में भारत का पलड़ा अब भी काफी भारी है लेकिन कैंपबेल की आत्मविश्वास से भरी पारी से दिन का तीसरा सत्र वेस्टइंडीज के नाम रहा। यह पूरी श्रृंखला का पहला ऐसा सत्र है जो वेस्टइंडीज के नाम रहा। कैंपबेल ने 145 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाये। खासकर कुलदीप यादव के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाया। उनकी और होप की साझेदारी से वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले हौसला बढ़ेगा। इससे पहले शुरुआती दो सत्र में कुलदीप ने अपनी कलात्मकता का नजारा पेश करते हुए पांच विकेट झटककर वेस्टइंडीज की पहली पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई।

# मटाटा और रेंगरुक दिल्ली हाफ मैराथन के चैंपियन




नयी दिल्ली। कीनिया के लंबी दूरी के धावक एलेक्स मटाटा और लिलियन कासेट रेंगरुक ने रविवार को वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीती। पिछले साल यहां दूसरे स्थान पर रहे मटाटा ने रविवार को 59 मिनट 50 सेकंड का समय निकालकर बोयेलिन टेशागर (एक घंटा 22 सेकंड) और जेम्स किपकोगी (एक घंटा 25 सेकंड) को पछाड़ा। दोनों विजेताओं को 27,000 डॉलर का पुरस्कार मिला। कीनिया के रेंगरुक ने एक घंटे सात मिनट 20 सेकंड का समय निकालकर महिला वर्ग का खिताब जीता। इथियोपिया की जोड़ी मेलाल सियूम बिरातु (एक घंटा सात मिनट 21 सेकंड) और मुलत टेकले (एक घंटा सात मिनट 29 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता के दूत और नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कार्ल लुईस ने समापन रेखा पर विजेताओं का स्वागत किया। हाफ मैराथन, ओपन 10के चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन, सीनियर सिटीजन रन और ग्रेट दिल्ली रन सहित विभिन्न श्रेणियों में 40,000 से अधिक धावकों ने दिल्ली की सड़कों पर दौड़ लगाई।

मटाटा ने दौड़ की शुरुआत से अपना दबदबा कायम करते हुए इथोपिया के टेशागर और हमवतन किपकोगी को आसानी से पछाड़ा। इस 28 साल के धावक ने इस वर्ष की शुरुआत में चीन में आयोजित विश्व एथलेटिक्स प्लेटिनम स्तर की दौड़ मीशान रेनशो हाफ मैराथन को 59:28 सेकंड में पूरा करके जीता था। मटाटा ने खिताब जीतने के बाद कहा कि वह अपने बीमार भाई के चेहरे पर खुशी लाने के लिए दौड़ के दौरान खुद को प्रेरित कर रहे थे। उन्होंने कहा यह जश्न मैं अपने और अपने भाई के लिए मना रहा हूं। मुझे लग रहा था कि यहां मेरी जगह मेरा भाई दौड़ रहा है। वह बीमार है तो मैंने सोचा की उसकी चेहरे पर खुशी के लिए पूरी ताकत झोंक देनी चाहिये। उन्होंने पिछले साल के मुकाबले इस साल की परिस्थितियों को बेहतर करार देते हुए कहा, यह एक शानदार अनुभव था, मुझे ट्रैक की अच्छी जानकारी थी, तो मैंने खुद से कहा, दौड़ पूरी होने तक जोर लगाते हैं और मैंने योजनाबद्ध तरीके से ऐसा किया और जीत दर्ज करने में सफल रहा। उन्होंने कहा इस बार का अनुभव बेहतर था क्योंकि पिछली बार की तुलना में गर्मी और उमस कम थी। इसके विपरीत महिलाओं की दौड़ बेहद रोमांचक रही। विश्व क्रॉस-कंट्री की कई पदक विजेता और खिताब की दावेदार रेंगरुक अंतिम चरण में बढ़त बनाते हुए इथियोपिया खिलाड़ियों को पीछे छोड़ने में सफल रही। इस दौरान पहली बार अपने देश से बाहर दौड़ रही बिरातु ने रेंगरुक को कड़ी टक्कर देते हुए प्रभावित किया। रेंगरुक ने खिताब जीतने के बाद कहा, यह दौड़ कठिन थी और सभी धावक शानदार थे। मैंने खुद से कहा कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं क्योंकि मुझमें दौड़ पूरी करने की ताकत थी। मैं आज अपने समय से खुश हूं क्योंकि मैं अभी-अभी चोट से वापस आयी हूं। यह साल की मेरी तीसरी रेस थी और मेरी रणनीति धैर्य के साथ बढ़त बनाए रख अंत तक संघर्ष करने की थी। अभिषेक पाल और सीमा भारतीय पुरुष और महिला वर्ग में सबसे तेज धावक रहे। उन्होंने क्रमशः एक घंटे चार मिनट 17 सेकंड और एक घंटे 11 मिनट 23 सेकंड का समय लिया। देश के शीर्ष मध्यम और लंबी दूरी के एथलीट गुलवीर सिंह बृहस्पतिवार को पीठ में लगी चोट के कारण दौड़ से हट गए। पाल 2023 में दिल्ली में बनाए गए ।:04:07 के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय को तोड़ने के करीब पहुंचे, लेकिन पीछे रह गए।

## संक्षेप

### वाशेरोट ने रिंडरनेच को हराकर शंघाई मास्टर्स खिताब जीता

शांघाई। वैलेंटिन वाशेरोट ने क्वालीफाइंग दौर से मुख्य दौर में जगह बनाने के बाद रविवार को अपने चचेरे भाई आर्थर रिंडरनेच को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर शंघाई मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 204वें स्थान पर काबिज 26 साल के वाशेरोट एटीपी मास्टर्स 1000 के इतिहास में सबसे कम रैंकिंग वाले विजेता है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर का खिताब जीतने वाले मोनाको के पहले खिलाड़ी भी है। वाशेरोट ने सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराया था जबकि रिंडरनेच ने चार ग्रैंडस्लैम का फाइनल खेलने वाले दानिल मेदवेदेव को शिकस्त दी थी।

### जोशना चिनप्पा जापान ओपन स्क्वाश के सेमीफाइनल में पहुंची

नयी दिल्ली। भारत की अनुभवी स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने जापान के योकोहामा में चल रहे जापान ओपन पीएसए चैलेंजर में मिस्र की नारदीन गैरास को सीधे गेमों में हराकर के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में पूर्व में नंबर 10 पर रही इस 39 साल की खिलाड़ी ने शनिवार को क्वार्टर फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त गैरास को 11-8, 15-13, 11-9 से हराया। जोशना अंतिम चार में अब चौथी वरीयता प्राप्त मिस्र की राणा इस्माइल से भिड़ेंगी। पूर्व एशियाई चैंपियन और विश्व युगल चैंपियन ने इससे पहले दूसरे दौर में फ्रांस की पांचवीं वरीयता प्राप्त लॉरेन बाल्टायन को 11-7, 11-4, 11-9 से और पहले दौर में मलेशिया की एनरी गोह को 11-6, 11-6, 11-6 से हराया था।

### अभय ने सिलिकॉन वैली ओपन में जीत से शुरुआत

नयी दिल्ली। भारत के अभय सिंह ने सिलिकॉन वैली ओपन स्क्वाश में जीत से शुरूआत की लेकिन हमवतन वेलावन सेंथिलकुमार और रमित टंडन को अमेरिका के रेडवुड सिटी में चल रहे पीएसए गोल्ड टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने मिस्र के करीम एल हैमामी को 12-10, 11-7, 13-11 से हराया और अब 130,500 डॉलर पुरस्कार राशि के दूसरे दौर में शनिवार को उनका सामना फ्रांस के नौवें नंबर के खिलाड़ी विक्टर कोयूईन से होगा। सेंथिलकुमार को मिस्र के करीम एल टोरके से 3-11, 5-11, 9-11 जबकि टंडन को हंगरी के बलाज्स फरकास से पांच सेट में हार मिली। फरकास ने 12-10, 5-11, 5-11, 11-9, 11-8 से जीत हासिल की।

# भारत ने न्यूजीलैंड को 4-2 से हराया

एजेंसी



जोहोर (मलेशिया)। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपना अजेय अभियान जारी रखा। भारत के लिए अर्शदीप सिंह (दूसरे मिनट), पीबी सुनील (15वें मिनट), अरिजीत सिंह हुंडल (26वें मिनट) और आर कुमुर (47वें मिनट) ने गोल किए जबकि न्यूजीलैंड के लिए गस नेल्सन (41वें मिनट) और ऐडन मैक्स (52वें मिनट) ने गोल दागे। भारत ने इससे पहले टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में ब्रिटेन को 3-2 से हराया था। भारत ने पहला गोल शुरुआती क्वार्टर के दूसरे मिनट में कर दिया जिसमें अर्शदीप ने आसान मौके को गोल में बदल दिया। उन्होंने दाईं ओर से सर्कल में तेजी से दौड़ लगाई और शॉट लगाया, लेकिन शुरुआत में न्यूजीलैंड के गोलकीपर ने इसे बचा लिया लेकिन वह रिबाउंड पर गोल करने में कामयाब रहे।

- सुल्तान जोहोर कप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की

क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी जब ड्रैगफ्लिकर और कप्तान रोहित ने गेंद सुनील को पास की और सुनील ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक बेहतरीन वैरिएशन से गोल कर दिया। भारत को दूसरे क्वार्टर में एक मौका तब मिला जब सर्कल में अरिजीत ने तेजी से घूमकर गोल पर एक सफल शॉट लगाकर स्कोर 3-0 कर दिया। न्यूजीलैंड ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर में नेल्सन की बदौलत 41वें मिनट में खाता खोला। आर कुमुर ने 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को अंतिम क्वार्टर में 4-1 की बढ़त दिला दी। मैक्स ने 52वें मिनट में न्यूजीलैंड के लिए एक और गोल दागा और आखिरी कुछ मिनट काफी रोमांचक हो गए।

## मंधाना ने एक साल में 1,000 रन बनाकर इतिहास रचा, वनडे में 5,000 का आंकड़ा पार

विशाखापत्तनम। भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप ग्रुप मैच के दौरान महिला वनडे में एक कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। उनतीस साल की इस सलामी बल्लेबाज ने महिला वनडे में 5,000 रन भी पूरे किए और मिताली राज के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली केवल पांचवीं और दूसरी भारतीय बल्लेबाज बन गईं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं और उन्होंने सबसे कम पारियों में 1,000 रन बनाए। मंधाना ने 112 पारियों और 5,569 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की जिससे उन्होंने स्टेफनी टेलर की 129 पारियों और सूजी बेट्स की 6,182 गेंदों की संख्या को पीछे छोड़ दिया। मंधाना ने हालांकि टूर्नामेंट में धीमी शुरुआत की लेकिन इस बाएं हाथ की बल्लेबाज ने शानदार वापसी करते हुए 66 गेंद में 80 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की और प्रतिका रावल के साथ 155 रन की साझेदारी की जो इस प्रतियोगिता में सलामी बल्लेबाजों के बीच पहली शतकीय साझेदारी भी थी।

## दक्षिण अफ्रीका पर पाक की मजबूत शुरुआत

लाहौर। सलामी बल्लेबाज इमाम-उल-हक टेस्ट क्रिकेट में अपनी वापसी पर शतक से चूक गये लेकिन पाकिस्तान ने मध्यक्रम के लड़खड़ाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के शुरुआती दिन रविवार को पांच विकेट पर 313 रन बना लिये। इमाम ने लगभग दो साल बाद अपने पहले टेस्ट मैच में 93 रनों की तेज पारी खेली और कप्तान शान मसूद (76) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 161 रनों की साझेदारी करके पाकिस्तान को नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की मजबूत शुरुआत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका के तीनों स्पिनरों ने कड़ी मेहनत करते हुए पाकिस्तान के 199 के स्कोर पर तीन विकेट चटकाये लेकिन मोहम्मद रिजवान (नाबाद 62) और सलमान अली आगा (नाबाद 52) ने नाबाद अर्धशतक जड़े कर मैच के पहले दिन अपनी टीम की वापसी करा दी। पाकिस्तान ने दिन के आखिरी सत्र में सिर्फ बाबर आजम (23) के रूप में इकलौता विकेट गंवाया। रिजवान और आगा दोनों जीवनदान का फायदा उठा कर क्रीज पर डटे हुए हैं। कप्तान एडेन मारक्रम ने स्लिप में रिजवान का मुश्किल कैच लपकने में नाकाम रहे जबकि उन्होंने सेनुरान मुथुसामी (101 रन पर दो विकेट) की गेंद पर आगा का आसान कैच टपका दिया।

# दक्षिण अफ्रीका व बांग्लादेश आज होंगे आमने-सामने

एजेंसी



विशाखापत्तनम। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार दो जीत से महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान को शानदार अंदाज में पटरी पर लाने के बाद सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगी। अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट की करारी हार झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने न्यूजीलैंड और मेजबान भारत पर दमदार जीत दर्ज कर शानदार वापसी की है। इन दो जीतों से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। टीम अंक तालिका में चौथे (-0.888 के नेट रन रेट के साथ) स्थान पर है। कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट, मारिजन काप, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और अयाबोंगा खाका जैसी खिलाड़ियों से सजी दक्षिण अफ्रीका की टीम कागजों पर काफी मजबूत नजर आती है। इंग्लैंड के खिलाफ 69 रनों पर ऑल आउट होने के बाद, उनका शीर्ष क्रम शानदार फॉर्म में है। ब्रिट्स और लुस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, वहीं वोल्वार्ड्ट ने भारत के खिलाफ अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। निचले क्रम में नादिन डी क्लार्क और खाका ने अहम योगदान के साथ भारत के खिलाफ मैच का पासा पलटते हुए दक्षिण अफ्रीका को यादगार जीत दिलाई थी।

## भारतीय शटलरों का लक्ष्य व्यक्तिगत गौरव हासिल करना

गुवाहाटी। मिश्रित टीम स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय दल सोमवार से शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी इसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगा। भारत का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17 साल पहले पुणे में रहा था जब साइना नेहवाल ने लड़कियों के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था जबकि आरएमवी गुरु साई दत्त ने लड़कों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता के इतिहास में कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं जिनमें चार रजत पदक शामिल हैं। इस चरण में भारत के पास एक और स्वर्ण पदक जोड़ने का सबसे अच्छा मौका लड़कियों के एकल वर्ग में है जिसमें जूनियर विश्व नंबर एक तन्वी शर्मा और चाइना ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंची उन्नति हुड्डा शामिल हैं।

# पुर्तगाल ने आयरलैंड को 1-0 से हराया

एजेंसी



लंदन। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पेनल्टी किक पर गोल करने से चूक गये लेकिन आखिरी क्षणों में रुबेन नेवेस के गोल की बदौलत पुर्तगाल ने विश्व कप क्वालीफाइंग के यूरोपीय चरण में शनिवार को यहां आयरलैंड को 1-0 से हराकर ग्रुप एफ की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली। रोनाल्डो मैच के 75वें मिनट में पेनल्टी पर चूक गये लेकिन नेवेस ने (90।मिनट) में गोल कर टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने ग्रुप तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हंगरी पर पांच अंक की बढ़त कायम कर ली है। ग्रुप के दूसरे मैच में हंगरी ने डेनियल लुकाक्स और ज़ोम्बोर ग्रुबर के गोल की मदद से आर्मेनिया को 2-0 से हराया। स्पेन ने ग्रुप ई के मैच में जॉर्जिया को 2-0 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बार्सिलोना के चोटिल प्रतिभाशाली खिलाड़ी लामिन यामल की गैरमौजूदगी में येरेमी पिनो और मिकेल ओयारजाबल के गोल से यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने जीत दर्ज की। ग्रुप के अन्य मैच में तुर्की ने बुल्गारिया को 6-1 से हराया। नॉर्वे ने ग्रुप आई में एर्लिंग हालैंड की हैट्रिक से इस एकतरफा मैच को 5-0 से अपने नाम किया। हालैंड के नाम अब नॉर्वे के लिए 46 मैचों में 51 गोल हो गये है। टीम की यह छह मैचों में छठी जीत है और वह ग्रुप तालिका में इटली से छह अंक आगे 18 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है। इटली ने एस्टोनिया को 3-1 से हराया। वहीं दूसरी ओर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 2026 फीफा विश्व कप के एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे दौर में शनिवार को ओमान को 2-1 से हराकर 1990 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया है। यूएई को स्वतः क्वालीफिकेशन के लिए अब मंगलवार को मेजबान कतर के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरूरत है। इस हार से ओमान की तीन-टीम वाले ग्रुप ए को जीतकर पहली बार विश्व कप के लिए स्वतः क्वालीफाई करने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। टीम हालांकि अब भी दूसरे स्थान पर रहकर पांचवें दौर में आगे बढ़ सकती है। यह विश्व कप अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की सह मेजबानी में आयोजित होगा। मैच के 12वें मिनट में आत्मघाती गोल से पिछड़ने के बाद यूएई ने 76वें मिनट में मार्कस मेलोनी के गोल से बराबरी की। इसके सात मिनट के बाद सिआओ लुकास के गोल ने टीम को बढ़त दिला दी जो आखिर तक कायम रही। इराक ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के पूर्व खिलाड़ी जिदान इकबाल के गोल की बदौलत ग्रुप बी मैच में इंडोनेशिया को 1-0 से हराकर अंक तालिका में सऊदी अरब की बराबरी की। इराक का अगला मुकाबला मंगलवार को सऊदी अरब से ही है, जो बेहतर गोल अंतर से ग्रुप तालिका में शीर्ष पर है। इराक की टीम अगर इस मैच को जीतने में सफल रही तो 1986 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी। वहीं दूसरी ओर नॉर्वे और इजरायल के बीच विश्व कप क्वालीफाइंग मैच से पहले शनिवार को यहां फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने स्टेडियम तक मार्च कर मशालें जलाईं और झंडे लहराए। नॉर्वे ने एर्लिंग हालैंड की हैट्रिक से इस एकतरफा मैच को 5-0 से अपने नाम किया। हालैंड के नाम अब नोर्वे के लिए 46 मैचों में 51 गोल हो गये है। सरकारी प्रसारक एनआरके के अनुसार लगभग 1,000 प्रदर्शनकारी ओस्लो के उलेवाल स्टेडियम पहुंचे थे।



# वर्ल्ड कप : ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दी मात



एजेंसी

विशाखापत्तनम। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में मेजबान भारत को लगातार दूसरी हार मिली है। साउथ अफ्रीका के बाद इंडिया विमेंस को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट से हरा दिया। विशाखापट्टनम में रविवार को भारत ने 330 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 49 ओवर में 7 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान एलिसा हीली ने 142 रन की मैच विनिंग पारी खेली। एलिस पेरी ने आखिर में 47 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। गेंदबाजी में एनाबेल सदरलैंड ने महज 40 रन देकर 5 विकेट लिए। भारत से स्मृति मंधाना ने 80 और प्रतिका रावल ने 75 रन बनाए। श्री चरणी को 3 विकेट मिले। दीप्ति शर्मा और अमनजोत कौर ने 2-2 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने विमेंस वनडे इतिहास का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया। टीम ने श्रीलंका का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2024 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 305 रन बनाए थे। यह भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सबसे बड़ा रन चेज रहा। एलिसा हीली ने बतौर कप्तान पहला वनडे शतक लगाया। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ जीतना है तो वनडे इतिहास सबसे बड़ा टारगेट हासिल करना होगा। विशाखापट्टनम में रविवार को टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंडिया विमेंस 330 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने 36 ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 240 रन बना लिए हैं। टीम से कप्तान एलिसा हीली और एश्ले गार्डनर पिच पर हैं। हीली ने 84 गेंद पर शतक लगा दिया। जेमिमा रोड्रिग्ज के डाइविंग कैच ने बेथ मूनी को पवेलियन भेजा। एलिस पेरी 32 रन बनाने के बाद रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गईं। उन्हें पैर में खिंचाव महसूस हो रहा था। उनकी जगह बेथ मूनी बैटिंग करने आईं।

एनाबेल सदरलैंड खाता खोले बगैर और फीब लिचफील्ड 40 रन बनाकर आउट हुईं, दोनों को श्री चरणी ने पवेलियन भेजा। फॉर्म में लौटी स्मृति मंधाना (80) और प्रतिका रावल (75) के बीच पहले विकेट की 155 रन की साझेदारी की मदद से भारत ने महिला क्रिकेट विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच में रविवार को सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ 330 रन बनाये हालांकि अनाबेल सदरलैंड ने पांच विकेट चटकाकर मेजबान पारी को सात गेंद पहले ही समेट दिया। पिछले तीन मैचों में नाकाम रहा भारत का शीर्षक्रम इस अहम मुकाबले में अपेक्षाओं पर खरा उतरा और लगभग खचाखच एसीए वीडीसीए स्टेडियम पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दोनों सलामी बल्लेबाजों के अलावा हरलीन देयोल (38), जेमिमा रौड्रिग्स (33) और रिचा घोष (32) ने भी उपयोगी पारियां खेली। निचले क्रम से हालांकि इस बार कोई योगदान नहीं मिल सका और आखिरी छह विकेट 36 रन पर गिरने से भारतीय पारी 48.5 ओवर में खत्म हो गई। सदरलैंड ने 9.5 ओवर में 40 रन बनाकर पांच विकेट लिये जबकि दस ओवर में 75 रन देने वाली बायें हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू ने तीन विकेट चटकाये।

# ब्लू स्टार के झूठ का पर्दाफाश

## भाजपा ने दागे सवाल क्या कांग्रेस अब सच बोलने और झूठे विमर्श को उजागर करने के लिए चिदंबरम पर कार्रवाई करेगी

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के बारे में पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इतिहास में यह सच्चाई दर्ज होनी चाहिए कि यह (ऑपरेशन) राष्ट्र की आवश्यकता की वजह से नहीं बल्कि इंदिरा गांधी के राजनीतिक दुस्साहस के कारण चलाया गया था। भाजपा ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस अब सच बोलने और झूठे विमर्श को उजागर करने के लिए चिदंबरम के खिलाफ कार्रवाई करेगी? दरअसल चिदंबरम ने हिमाचल प्रदेश के कसौली में एक साहित्यिक कार्यक्रम में कहा था कि जून 1984 में स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए चलाया गया ऑपरेशन ब्लू स्टार सही तरीका नहीं था और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। उन्होंने कहा सभी आतंकवादियों को पकड़ने का कोई और तरीका हो सकता था, लेकिन ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था और मैं इस बात से सहमत हूं कि श्रीमती गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। यह सेना, खुफिया विभाग, पुलिस और नागरिक सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त निर्णय था तथा आप पूरी तरह से श्रीमती गांधी को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। ऑपरेशन ब्लू स्टार दमदमी टकसाल के नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले और आतंकवादियों को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से खदेड़ने के लिए चलाया गया सैन्य अभियान था।

बाद में 31 अक्टूबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई थी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने पूर्व गृह मंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, चिदंबरम जी ने कांग्रेस की गलतियों को बहुत देर से स्वीकार किया है। मंत्री ने कहा पहले उन्होंने (चिदंबरम) खुलासा किया था कि अमेरिका और विदेशी ताकतों के भारी दबाव के कारण भारत मुंबई में हुए पाकिस्तानी आतंकवादी हमलों का जवाब नहीं दे सका, अब वह स्वीकार कर रहे हैं कि स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार भी एक गलती थी। चिदंबरम की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर पी सिंह ने कांग्रेस की आलोचना की और कहा, इतिहास में यह सच दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार कोई राष्ट्रीय जरूरत नहीं थी बल्कि यह एक राजनीतिक दुस्साहस था।

# सैनिकों के भुगतान के लिए पेंटागन सभी उपलब्ध धन का उपयोग करे : ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि उन्होंने रक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह सरकारी वित्त पोषण रुकने के कारण हुए शटडाउन के बावजूद अमेरिकी सैनिकों को बुधवार को वेतन देने के लिए सभी उपलब्ध धनराशि का उपयोग करे। ट्रंप ने कहा कि यह एक अल्पकालिक उपाय है जो उन लाखों संघीय कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें छुट्टी पर भेज दिया गया है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह इसलिए कदम उठा रहे हैं अन्यथा हमारे बहादुर सैनिकों को निर्धारित 15 अक्टूबर को उनका वेतन नहीं मिल पाएगा। ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं को दोषी ठहराते हुए कहा कि वह कमांडर-इन-चीफ के रूप में अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को 15 अक्टूबर को सैनिकों को वेतन दिलाने के लिए सभी उपलब्ध धनराशि का उपयोग करने का निर्देश दे रहे हैं। एक अक्टूबर को संघीय बजट चक्र की शुरुआत में सरकारी वित्त पोषण रुकने से शटडाउन के कारण सरकारी कामकाज ठप होने के बाद अमेरिकी सैन्यकर्मियों को बुधवार को अपना अगला वेतन नहीं मिलने का खतरा था। अमेरिका में लगभग 13 लाख सक्रिय सैन्यकर्मी हैं और कैपिटल हिल (संसद भवन परिसर) के सांसदों की शटडाउन के नकारात्मक प्रभावों पर चर्चा के दौरान सैनिकों को वेतन नहीं मिलने की आशंका चर्चा का मुख्य विषय रही है।

## संक्षेप

### पंजाब के क्रिप्टो ठग को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा

नयी दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शाहदरा निवासी एक व्यक्ति से ऑनलाइन क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी में 55 हजार रुपये की ठगी करने के आरोप में पंजाब के 25 वर्षीय एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान पंजाब के लुधियाना निवासी सुखप्रीत सिंह के रूप में हुई। संगम यादव द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत की जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। यादव ने आरोप लगाया कि उसे एक सोशल मीडिया समूह ने गुमराह किया, जो एक वैध कंपनी बनकर भुगतान वाले वर्क फ्रॉम होम कार्यों की पेशकश कर रहा था। पुलिस ने एक बयान में कहा पीड़ित ने शुरुआत में छोटे-मोटे कामों के जरिए थोड़ी रकम कमाई, लेकिन बाद में उसे आगे के काम के लिए यूपीआई के जरिए 55,100 रुपये जमा करने को कहा गया, जिसके बाद जब पीड़ित ने पैसे निकालने चाहे तो ठगों ने अतिरिक्त भुगतान की मांग की, जिससे धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। अधिकारी के अनुसार, जांच से सामने आया है कि सिंह सोशल मीडिया पर एक ग्रुप का सक्रिय सदस्य था, जहां उसने बाज़ार मूल्य पर एक क्रिप्टोकरेंसी यूएसडी टेथर (यूएसडीटी) खरीदी और कथित तौर पर उसे ऊंचे दामों पर बेचा।

# पीएम मोदी बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं से करेंगे बातचीत

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के साथ एक संवाद सत्र के साथ बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह 15 अक्टूबर को मेरा बूथ, सबसे मजबूत पहल के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगे। मोदी ने कहा बिहार में भाजपा-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत सुनिश्चित करने के लिए हमारे समर्पित कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ काम कर रहे हैं। मुझे 15 अक्टूबर को ऐसे ही कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा मेरा आग्रह है आप सभी मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान से जुड़ें और अपने सुझाव आज ही साझा करें। बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में छह नवंबर और 11 नवंबर को मतदान होगा। मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी।

# सीएम ने हाफ मैराथन में प्रतिभागियों का बढ़ाया उत्साह




एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में शामिल हुईं और प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत सभी क्षेत्रों के खेल प्रेमी रविवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हाफ मैराथन के लिए उमड़ पड़े। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में 40,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा आज सुबह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में माननीय केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू जी के साथ वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में शामिल हुई।

इस मैराथन में भाग ले रहे हजारों धावकों के कदमों में वही आत्मविश्वास था जो इस शहर की पहचान है-मेहनत, जागरुकता और आगे बढ़ने का जुनून। मुख्यमंत्री ने मैराथन के धावकों, आयोजकों और विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यही ऊर्जा और एकता एक प्रगतिशील और जागरुक दिल्ली की असली पहचान है।

# अमेरिका के टेनेसी में विस्फोटक, 16 की मौत



एजेंसी

मैकएवेन (अमेरिका)। अमेरिका में टेनेसी के एक ग्रामीण क्षेत्र में विस्फोटक सामग्री के एक संयंत्र में विस्फोट होने से 16 लोगों की मौत हो गई और कोई जीवित नहीं बचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हम्फ्रेज काउंटी के शेरिफ क्रिस डेविस ने बताया कि सेना के लिए विस्फोटकों की आपूर्ति करने वाली कंपनी एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्स के संयंत्र में शुक्रवार सुबह विस्फोट हुआ जिससे कम से कम आधा मील (800 मीटर) क्षेत्र में मलबा बिखर गया और 15 मील (24 किलोमीटर) से अधिक दूर तक के निवासियों ने भी इसे महसूस किया। विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। डेविस ने बताया कि 16 लोग लापता हैं और बचाव अभियान के दौरान कोई जीवित नहीं मिला। घटनास्थल की फुटेज में शुक्रवार को पहाड़ी पर स्थित इस फैक्टरी के ऊपर धुंआ ही धुंआ नजर आया। वहां केवल नष्ट हुई धातु का ढेर, कारों के जले हुए खोल और मलबा है। डेविस ने इसे अब तक देखे गए सबसे बुरे दृश्यों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि अधिकारी घटनास्थल की जांच कर रहे हैं। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, वह नैशविले से लगभग 60 मील (97 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में बक्सनॉर्ट क्षेत्र में जंगली पहाड़ियों पर फैली आठ इमारतों वाले कारखाने में विस्फोटक और गोला-बारूद का प्रसंस्करण करती है। एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्स ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उसकी संवेदनाए और प्रार्थनाएं प्रभावित परिवारों तथा समुदाय के साथ हैं।

# शिक्षा न बने कुछ लोगों का विशेषाधिकार

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारत को ऐसी शिक्षा प्रणाली की जरूरत है जो देश की समृद्ध विविधता को प्रतिबिंबित करे और यह कुछ लोगों का विशेषाधिकार न बने। उन्होंने कहा कि यह स्वतंत्रता का आधार है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने यह भी कहा कि भारत को एक वैकल्पिक विनिर्माण प्रणाली बनाने की आवश्यकता है और इसके लिए अमेरिका या पेरू के साथ साझेदारी एक संभावित रास्ता हो सकता है।

कांग्रेस नेता गांधी ने पेरू की पोंटिफिकल कैथोलिक यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ चिली के छात्रों के साथ बातचीत में शिक्षा, लोकतंत्र और भू-राजनीति पर केंद्रित एक गहन संवाद किया। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर गांधी के हवाले से कहा, भारत को एक वैकल्पिक विनिर्माण प्रणाली बनाने की जरूरत है जो लोकतांत्रिक व्यवस्था में फले-फूले। इसलिए, पेरू या अमेरिका के साथ साझेदारी आगे का रास्ता हो सकता है। इसके साथ ही कांग्रेस ने दक्षिण अमेरिका में छात्रों के साथ गांधी के संवाद का एक वीडियो भी साझा किया। गांधी ने कहा, जब शिक्षा की बात आती है तो इसकी शुरुआत जिज्ञासा से होती है और खुले विचारों से सोचने, बिना किसी डर या सामाजिक-राजनीतिक बंधनों के प्रश्न पूछने की आजादी से।

शिक्षा कुछ चुनिंदा लोगों के लिए कोई विशेषाधिकार नहीं बननी चाहिए, क्योंकि यही स्वतंत्रता की असली बुनियाद है। भारत को ऐसी शिक्षा प्रणाली की जरूरत है जो वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा दे, आलोचनात्मक विचारों को प्रोत्साहित करे और हमारे देश की समृद्ध विविधता को प्रतिबिंबित करे। कांग्रेस ने कहा कि गांधी ने पेरू की पोंटिफिकल कैथोलिक यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ चिली का दौरा किया तथा छात्रों के साथ खुलकर बातचीत की।

### निर्धारित समय सीमा समाप्त होने पर सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट खाली किया

नयी दिल्ली। सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के कई निवासियों ने रविवार को अदालत द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतिम दिन आवासीय सोसायटी खाली कर दी। मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट्स के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने कहा कि क्योंकि समय सीमा समाप्त हो चुकी है इसलिए निवासियों को इमारतें खाली करनी होंगी। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह राकेश ने पीटीआई-भाषा को बताया, जैसा कि एमसीडी ने पहले कहा था कि 12 अक्टूबर के बाद पानी और बिजली की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी, कई निवासी आज सोसायटी छोड़ रहे हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्मफेयर : लापता लेडीज ने रिकॉर्ड 14 अवॉर्ड जीत



मुंबई। अहमदाबाद में शनिवार को 70वीं फिल्मफेयर अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन हुआ। कार्तिक आर्यन को फिल्म चंदू चैंपियन और अभिषेक बच्चन को फिल्म आई वॉन्ट टू टॉक के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। आलिया भट्ट फिल्म जिगरा के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुनी गईं। बेस्ट फिल्म लापता लेडीज रही और इसी फिल्म के लिए किरण राव ने बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड अपने नाम किया। फिल्मफेयर अवॉर्ड में 14 अवॉर्ड हासिल कर फिल्म लापता लेडीज इसके इतिहास में सबसे ज्यादा अवॉर्ड जीतने वाली फिल्म बन चुकी है।

अब तक ये रिकॉर्ड 13 अवॉर्ड जीतने वाली गली बॉय के पास था। इसके अलावा इस फिल्म ने सबसे ज्यादा 24 नॉमिनेशन हासिल करने का भी रिकॉर्ड कायम किया है। कार्तिक आर्यन को फिल्म चंदू चैंपियन और अभिषेक बच्चन को फिल्म आई वॉन्ट टू टॉक के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है। दोनों अवॉर्ड लेने साथ मंच पर पहुंचे। शाहरुख खान ने काजोल के साथ फिल्म कुछ कुछ होता है के गाने पर परफॉर्मेंस दी। अनन्या पांडे ने मन मोहिनी गाने पर बेहतरीन परफॉर्मेंस दी। अक्षय कुमार ने फिल्म धड़कन के टाइटल ट्रैक पर परफॉर्मेंस दी। कृति सेनन ने अपनी परफॉर्मेंस से वेटरन एक्ट्रेस जीनत अमान को ट्रिब्यूट दिया। रवि किशन को फिल्म लापता लेडीज के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला। ट्रॉफी लेते हुए वो भावुक नजर आए। लापता लेडीज के लिए ही छाया कदम को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। काजोल को फिल्म जगत को दिए गए योगदान के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड सेरेमनी में सम्मानित किया गया है। काजोल के अलावा श्रीदेवी को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनके पति बोनी कपूर ने ये अवॉर्ड रिसीव किया है।

> कार्तिक आर्यन-अभिषेक बच्चन बेस्ट एक्टर
> आलिया भट्ट जिगरा के लिए चुनी गईं बेस्ट एक्ट्रेस

जया बच्चन को भी उनके सराहनीय काम के लिए सिने आइकन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। अमिताभ बच्चन के सफर का भी फिल्मफेयर सेरेमनी में जश्न मनाया गया। इस दौरान मंच पर बेटे अभिषेक बच्चन, पत्नी जया, बेटी श्वेता और नातिन नव्या नवेली मौजूद रहीं। करण जौहर को भी सिने आइकन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। फिल्मफेयर अवॉर्ड की शुरूआत 1954 में द टाइम्स ऑफ इंडिया की फिल्मफेयर मैगजीन ने सालाना इवेंट के तौर पर की थी, जिससे हिंदी सिनेमा की फिल्मों को सराहा जा सके। 1954 में ही फिल्मफेयर अवॉर्ड के साथ-साथ नेशनल अवॉर्ड की भी शुरूआत हुई थी। अवॉर्ड का नाम टाइम्स ऑफ इंडिया की एडिटर क्लैर मेंडोन्का पर क्लैर अवॉर्ड रखा गया था, जिसे बाद में बदलकर फिल्मफेयर अवॉर्ड कर दिया गया।

### संगीता बिजलानी अपनी सेफ्टी को लेकर परेशान

मुंबई। एक्ट्रेस संगीता बिजलानी ने पुणे स्थित अपने फार्महाउस में हुई चोरी के तीन महीने बाद कहा कि वे अब भी सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं। संगीता ने हाल ही में पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल से मुलाकात कर अपने फार्म हाउस में हुई चोरी की जांच की स्थिति के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने पर्सनल सेफ्टी की चिंता का हवाला देते हुए बंदूक लाइसेंस के लिए भी आवेदन किया है। एक्ट्रेस ने इस घटना को बेहद परेशान करने वाला बताया। न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए उन्होंने कहा 'मैं पिछले 20 सालों से वहां रह रही हूं। पावना मेरे लिए एक घर रहा है और मेरे फार्म हाउस में चोरी की डरावने घटना को साढ़े तीन महीने हो गए हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। यह बहुत डरावना था।

# ऐश्वर्या ने बिग बी को खास अंदाज में किया विश

मुंबई। बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन 83 साल के हो गए। इस मौके पर बहू ऐश्वर्या राय बच्चन ने खास अंदाज में उन्हें विश किया है। ऐश ने ससुर अमिताभ और बेटी आराध्या की एक सेल्फी पोस्ट कर जन्मदिन की बधाई दी है। ऐश्वर्या ने अपना ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर सेल्फी शेयर कर कैप्शन में लिखा- 'हैप्पी बर्थडे डियर पा- दादाजी। भगवान अपना प्यार और आशीर्वाद आप पर बनाए रखे।' अमिताभ के लिए बहू ऐश्वर्या की तरफ से पोस्ट देख फैंस काफी खुश नजर आ रहे हैं। वहीं, कुछ फैंस सवाल भी उठा रहे हैं। दरअसल, आराध्या और बिग बी की ये फोटो काफी पुरानी है।

> हैप्पी बर्थडे डियर पा-दादाजी; फोटो में दादू संग चहकती दिखीं आराध्या

इस बात से यूजर कयास लगा रहे हैं कि परिवार आपस में एक-दूसरे से जुड़ा हुआ नहीं है, तभी इनके पास हाल-फिलहाल की कोई फोटो नहीं है। और ऐसा श्वेता बच्चन की वजह से है। दूसरी तरफ कई यूजर्स ऐश्वर्या को ये कहते हुए कमेंट कर रहे हैं कि उन्हें पोस्ट करने की जरूरत नहीं क्योंकि अमिताभ बच्चन उन्हें फॉलो तक नहीं करते।

# बीबी-19 : पक्षपात के आरोप पर सलमान ने दी सफाई



मुंबई। रियलिटी शो बिग बॉस 19 के पिछले वीकेंड के वार के बाद से होस्ट सलमान खान पर पक्षपात करने का आरोप लग रहा था। सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि सलमान बतौर होस्ट कंटेस्टेंट अमाल मलिक को फेवर कर रहे हैं। लेकिन इस वीकेंड के वार में एक्टर ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। घरवालों से बात करते हुए सलमान सभी कंटेस्टेंट से पूछते हैं कि उनके अनुसार घर में अब तक सबसे ज्यादा किसको पड़ी है। सारे ही बारी-बारी से अमाल मलिक का नाम लेते हैं। सलमान सहमत होते हुए कहते हैं- 'शुरूआत में इन्होंने हरकतें भी कुछ ऐसी ही की थीं, उसके बाद ये ही सबसे ज्यादा बजे हैं। सोने पर बजे हैं, भाषा पर बजे हैं और बड़े पैमाने पर आखिरी के आखिरी हफ्ते तक भी बजे थे। कभी-कभी बाहर ये सब दिखता नहीं है। उन्होंने आगे कहा, 'मैं अमाल को पहले से जानता हूं और अमाल से मैंने इतनी ज्यादा बातें बोली हैं, जो मैंने आज तक बिग बॉस में कभी नहीं बोलीं। लेकिन बाहर कुछ लोग हैं जो सोचते हैं कि मैं अमाल को फेवर कर रहा हूं। क्या मैं रहा हूं? मैं कुनिका को भी जानता हूं, हमने साथ में बहुत काम किया है, लेकिन जब वो गलत कर रही थीं, तो मैंने उन्हें बताया। मैं यहां इसीलिए आया हूं। मैं आपकी आलोचना नहीं कर रहा, मैं आपको सही कर रहा हूं। इसके बाद सलमान ने अभिषेक और अशनूर की तारीफ की। एक टास्क के दौरान गौरव खन्ना के कमेंट आहत होकर नीलम गिरी ने जब खाना बनाने से इनकार कर दिया था, तब दोनों ने आगे बढ़कर पूरे घर के लिए खाना बनाया था।

> अमाल को फेवर करने का लग रहा था आरोप, एक्टर हर बात बाहर नहीं दिखती

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION
BBDNIIT(056)- CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT
12500+ More than 1800+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 5 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
ADMISSION OPEN 2025-2026
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
- Engineering
- Management
- Legal Studies
- Pharmacy
- Architecture
- Dental Science
- Computer Applications
- Basic Sciences
- Education
- Hotel Management
- Agricultural Sciences
- Media & Communication
- Ph.D. in all Disciplines
Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 52.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
NEW COURSE B.Sc. (Agriculture) 4 Year Full Time Degree Program
- Courses available in Collaboration with IBM
- Minor Degree available in Collaboration with IIT - Mandi
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs Microsoft Infosys HARMAN Paytm EY Capgemini NEWGEN wipro pwc accenture
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K